दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 21
कोटद्वार बुधवार
10 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## स्वर्गाश्रम में 40 दुकाने खाली करने के नोटिस से हड़कंप

**ऋषिकेश।** स्वर्गाश्रम क्षेत्र में भारत साधु समाज की जमीन पर बनी करीब 40 दुकानों को खाली करने के नोटिस से खलबली मच गई है। विरोध स्वरूप मंगलवार को सभी दुकानें बंद रहीं। प्रभावित दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से तीन दिन की मोहलत मांगी है। लेकिन, प्रशासन समय देने के मूड में नहीं है। मंगलवार शाम तक दुकानें खाली करने के जिला प्रशासन के नोटिस से भड़के दुकानदारों ने स्वर्गाश्रम बाजार क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। दुकानदार संजय अग्रवाल ने बताया कि इसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 12 मई को सुनवाई की जानी प्रस्तावित है, लेकिन प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा हुआ है। मंगलवार को स्वर्गाश्रम बाजार बंद होने से यहां घूमने आए लोगों को रोजमर्रा का सामान नहीं मिलने से परेशानी हुई। बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा रहा।

## केदारनाथ में बर्फबारी बनी आफत, अब तक 21 श्रद्धालुओं की मौत– पंजीकरण पर लगी रोक

**देहरादून , एजेंसी।** उत्तराखंड में प्रसिद्ध केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के लिए भक्तों की भीड़ लगातार बाबा के दरबार पहुंच रहे है। वहीं मौसम खराब होने की वजह से चार धाम यात्रा में फिर रुकावट पैदा हो गई है। लेकिन बारिश, बर्फबारी और ठंड भी लोगों के कदम रोक नहीं पाई है और इन सब पर आस्था भारी पड़ रही है। चारधाम में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह फिर भी बाबा के दरबार की तरफ जा रहे हैं। लगातार चारधाम में पहुँच रहे श्रद्धालुओं को हेल्थ इश्यू के कारण अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है।

मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने चारधाम यात्रा रूट पर आने वाली सभी नगर निकाय के अधिकारियों के साथ बैठक की है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहरी विकास के प्रोजेक्ट्स को पहाड़ी शैली में बनाया जाए, साथ ही चार धाम यात्रा के लिए सभी निकायों को हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए हैं। अब तक चार धाम यात्रा पर 5 लाख से अधिक श्रद्धालु कर पहुंच चुके हैं। केदारनाथ में सोमवार को 16 हजार यात्री पहुंचे थे। वहीं, बद्रीनाथ धाम में दस हजार लोगों ने दर्शन किए हैं। केदारनाथ के लिए मंगलवार को 23 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है। इस बार बदरीनाथ धाम में रिकॉर्ड तोड़ तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। हर दिन 13000 से भी अधिक तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं।

## विवाहिता दस दिन से लापता

**बागेश्वर।** एक 23 वर्षीय विवाहिता 10 दिन से लापता है। स्वजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध महिला को भगा ले जाने पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तलाश प्रारंभ कर दी है। महरुड़ी गांव निवासी एक व्यक्ति ने कपकोट थाने में तहरीर दी है। बताया कि बीते 30 अप्रैल को 23 वर्षीय विवाहिता गायब है। वह कपकोट के भयूं में किराए के घर पर रहती थी। बिना बताए कहीं चली गई है। पीड़ित पति ने उसकी खोजबीन करने की मांग की है। पुलिस ने धारा 365 में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष केएस बिष्ट ने बताया कि आठ मई को प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# 20 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

### ऋषिकेश से 17 को रवाना होगा पहला जत्था



**देहरादून ।** श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें यात्रा के संबंध में बताया। कहा, श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 20 मई को खुलेंगे, जबकि 17 मई को ऋषिकेश से पहला जत्था रवाना होगा। उन्होंने सीएम से पहले जत्थे को रवाना करने का अनुरोध किया।

श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को बताया कि गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब में पिछले वर्ष हेलीपैड का निर्माण किया गया है, इस साल यह काम पूरा हो जाएगा। गोविंद धाम से श्री हेमकुंड साहिब तक छह किलोमीटर के मार्ग पर रेलिंग का निर्माण किया गया है। जिन जगहों पर मोड़ की चौड़ाई कम थी उनका सुधारीकरण किया गया है।

यात्रा के लिए 500 मीटर का एक अलग मार्ग का कार्य भी तेजी से चल रहा है। गोविंद धाम में घोड़ा पड़ाव का कार्य भी शुरू हो चुका है। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया गया है। गांव पुलना जहां से पैदल यात्रा शुरू होती है।

10 किलोमीटर के ट्रैक पर भ्यूंडार गांव में 165 मीटर लंबा पुल बनकर तैयार हो चुका है व दोनों तरफ का मार्ग भी तैयार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलना से गोविंद धाम तक के ट्रैक पर 10 रेन शेल्टर शेड बेंच लगाकर यात्रियों के बैठने के लिए तैयार किए गए हैं।

## मूल्यांकन पूरा, इसी महीने आ सकता है सीबीएसई और उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट

**हल्द्वानी/रामनगर ।** सीबीएसई और उत्तराखंड बोर्ड के रिजल्ट इसी माह आ जाएंगे। रिजल्ट को लेकर छात्रों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। छात्र परीक्षाफल के इंतजार में टकटकी लगाए हैं। उत्तराखंड बोर्ड की सचिव नीता तिवारी ने बताया कि परीक्षाफल मई के अंतिम सप्ताह में जारी होगा।

उत्तराखंड बोर्ड में इस वर्ष हाईस्कूल में 130027 संस्थागत, 2088 व्यक्तिगत और इंटर में 123511 संस्थागत, 3813 व्यक्तिगत परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के लिए 1253 केंद्र बनाए गए थे। 132115 छात्रों ने हाईस्कूल और 127324 छात्र–छात्राओं ने इंटर की परीक्षा दी है। परीक्षाएं 16 मार्च से 6 अप्रैल तक हुईं थीं। 29 अप्रैल को मूल्यांकन कार्य भी संपन्न हो चुका है। इधर, सीबीएसई में हाईस्कूल और इंटर की उत्तर–पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब रिजल्ट की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक सीबीएसई का रिजल्ट भी इसी माह जारी हो सकता है। फिलहाल इसकी कोई अधिकृत सूचना नहीं है।

## फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामले में उप वित्त नियंत्रक बर्खास्त, केस दर्ज करने की भी संस्तुति



**पंतनगर (उधमसिंह नगर ।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में उप वित्त नियंत्रक को फर्जी जाति प्रमाणपत्र पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। मामला सामने आने के बाद कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की संस्तुति पर मुख्य कार्मिक अधिकारी बीएल फिरमाल ने यह कार्रवाई की है। वहीं, बर्खास्त उप वित्त नियंत्रक के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

दरअसल, सत्य प्रकाश कुरील ने 30 अप्रैल 1998 को पंत विवि में बतौर सहायक लेखाकार (वेतनमान 1400–2300) पर कार्यभार ग्रहण किया था। इसके बाद कुरील ने वर्ष 2005 में विवि में सीधी भर्ती से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित लेखाधिकारी के एक पद के लिए भी आवेदन किया था। जिसमें उन्होंने किच्छा तहसीलदार की ओर से छह अप्रैल 2005 को जारी अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र संलग्न किया था। नियुक्ति मिलने के बाद उन्होंने पांच सितंबर 2005 को लेखाधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया।25 अक्टूबर 2010 को उनकी उप वित्त नियंत्रक के पद पर पदोन्नति हो गई। दिसंबर 2017 में विवि के कुछ कर्मचारियों ने कुरील के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कुलाधिपति, कुलपति व निदेशक प्रशासन को शिकायती पत्र भेजकर उनके जाति व निवास प्रमाणपत्र फर्जी बताते हुए उनकी जांच करवाकर नियुक्ति निरस्त करने की मांग की थी।जांच में अन्य राज्य से भी बने निवास व जाति प्रमाणपत्र फर्जी पाए जाने पर किच्छा तहसीलदार ने 16 फरवरी 2018 को उनके यहां से जारी जाति प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया था। जिसके विरोध में कुरील ने शासन के सचिव सोशल वेलफेयर सहित किच्छा एसडीएम व तहसीलदार और पंत विवि को पार्टी बनाकर हाईकोर्ट से स्टे हासिल कर लिया। मामले में करीब पांच वर्ष चली सुनवाई के बाद एक मई को जस्टिस मनोज कुमार तिवारी ने स्टे खारिज कर केस का निस्तारण कर दिया। इसके बाद से कुरील पर बर्खास्तगी का खतरा मंडरा रहा था। कोर्ट के निर्णय की कॉपी आते ही विवि प्रशासन ने कुरील को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है।सीपीओ फिरमाल ने कहा है कि विवि परिनियमों के अध्याय 25 की धारा 4(ए) में प्रत्येक कार्मिक को नियुक्ति से पूर्व विवि अधिनियम की धारा 26(2) में निहित व्यवस्था के अनुरूप एक बांड

## सीएम योगी ने सपा पर साधा निशाना
## ये किसी संत को गले नहीं लगाते, डकैत व माफिया को बनाते हैं गले का हार



**चित्रकूट, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रामायण मेला परिसर में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी को जमकर खरी खोटी सुनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी जीवन भर लोहिया जी के नाम पर राजनीति करती रही।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी कहती है राम थे ही नहीं, अयोध्या राम भक्तों पर गोली चलवाएंगे। रामचरितमानस, संत तुलसीदास के प्रति अनर्गल टिप्पणी करेंगे। इनको रामायण रामचरितमानस अच्छा नहीं लगता इनकी सोच में अराजकता है।

योगी ने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि इनकी परिवारवादी सोच है। ये किसी संत को अपना मित्र नहीं बनाते, ये किसी पेशेवर डकैत व माफिया को अपने गले का हार बनाकर जनता और व्यापारियों का शोषण करवाते हैं और उनको चरने खाने के लिए छोड़ देते हैं, इसलिए आपको किसी बात का डर नहीं होना चाहिए। जिन लोगों ने आपको एक–एक बूंद पानी के लिए तरसाया है, उन्हें एक–एक वोट के लिए तरसा दीजिए।

एक सप्ताह से मौसम नम था आसमान में बदली थी, लेकिन मंगलवार को प्रचंड गर्मी के बीच भी लोगों का जोश देखने को मिला, जिस में नगर की सड़कों में सन्नाटा था तो पंडाल में मुख्यमंत्री को सुनने के लिए हजारों लोग मौजूद थे। सीएम के एक–एक शब्द में लोगों में जोश देखने को मिला। करीब आधे घंटे के भाषण कोई अपनी जगह से उठकर नहीं गया।


## प्रसव के बाद महिला की मौत मामले की जांच के आदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक में प्रसव के बाद महिला की मौत के मामले में सीएमओ ने जांच के आदेश दिए है। जानकारी के मुताबिक प्रसव के बाद महिला को घंडियाल स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए गया गया, लेकिन उसकी अस्पताल लाने से पहले ही मौत हो गई।

हालांकि इस मामले में अभी तक परिजनों की ओर से किसी तरह शिकायत सामने नहीं आई है।पौड़ी के नायब तहसीलदार हरेंद्र खत्री ने बताया कि ब्लाक के सकनोली गांव निवासी रुचि देवी की डिलिवरी घर पर ही हुई। डिलिवरी के बाद जब परिजन उसे सोमवार शाम को घंडियाल स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए लाए। यहां महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि नवजात शिशु स्वस्थ है। इस पूरे मामले में रिपोर्ट डीएम को भी भेज दी गई है। महिला को प्रसव से पहले अस्पताल में क्यों भर्ती नहीं किया गया। उधर, इस मामले में पौड़ी के सीएमओ डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। ब्लाक प्रभारी कल्जीखाल को जांच के आदेश दे दिए गए है। विस्तृत जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बस दुर्घटनाः दबे पांव आई मौत और ले गई 24 जिंदगियां



**खरगोन, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में एक बस के पुल से नीचे गिरने से 24 यात्रियों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि 15 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में नौ महिलाएं, नौ पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। मृतक खरगोन और बड़वानी के बताए जा रहे हैं। बस श्रीखंडी से इंदौर जाने के लिए रवाना हुई थी। सभी यात्री हंसी–खुशी अपने परिवार वालों के साथ यात्रा कर रह थे। लेकिन खरगोन–ठीकरी मार्ग से गुजरते वक्त अचानक अनियंत्रित होकर बस बोराड़ नदी पर बने 50 फीट ऊंचे पुल से नीचे जा गिरी। हादसे के वक्त 45 से ज्यादा यात्री बस में सवार थे।

हादसे का शिकार बस मां शारदा ट्रैवल्स की है जिसका नंबर ट्ढ10 ढ7755 है। बस सुबह के वक्त खरगोन के श्रीखंडी से रवाना हुई थी, जो कि डोंगरगांव और दसंगा के बीच सुबह करीब नौ बजे हादसे का शिकार हुई। हादसे की वजह पहले बस की तेज रफ्तार को माना जा रहा था, लेकिन प्रारंभिक जांच में बस की रफ्तार तेज होने की बात से इंकार किया जा रहा है। बस फिटनेस टेस्ट में भी फिट पाई गई है। बताया जा रहा है कि संकरा पुल होने की वजह से बस की रफ्तार ज्यादा तेज नहीं थी, शायद चालक को झपकी आने की वजह से ये हादसा हुआ है। हालांकि हादसे की सही वजह अब तक सामने नहीं आई है।

बोराड़ नदी सूखी थी, पुल से नीचे नदी के धरातल की गहराई करीब 50 फीट थी। बस अचानक रेलिंग तोड़ते हुए तेज झटके के साथ नीचे गिरी। बस के गिरते ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गया। घायल अपने परिजनों की सांसे टटोल रहे थे। जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हादसे की सूचना मिली उन्होंने पुलिस को जानकारी दी और तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एंबुलेंस का इंतजार न करते हुए घायलों को अपने वाहनों से अस्पताल पहुंचाया। बाद में करीब सात एंबुलेंस की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया है।

बस में छोटे बच्चे भी सवार थे, हादसे के बाद लोग तुरंत बच्चों को गोद में लेकर इलाज कराने के लिए भागे। करीब 25 लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में मरने वालों में सबसे छोटे मृतक की उम्र महज 11 माह है। उन के घेगांवा का सोम अपने परिजनों के संग यात्रा कर रहा था। हादसे ने उस मासूम बच्चे से जिंदगी छीन ली।

भीषण हादसे पर पीएम मोदी, सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि 'खरगोन में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक–संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन मौके पर हरसंभव मदद में जुटा है' सीएम शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता राशि, गंभीर घायलों को 50 हजार और कम एवं साधारण घायलों को 25 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

# सीएम धामी ने किया ऑटोमैटिक नम्बर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम का शुभारंभ



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय से परिवहन विभाग द्वारा तैयार किये गये ऑटोमैटिक नम्बर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम (ए.एन.पी.आर) का शुभारंभ किया। इससे प्रदेश के प्रमुख मार्गों में यातायात के नियमों के अनुपालन एवं कर अपवंचन संबंधी प्रकरणों की ऑनलाईन मॉनिटरिंग की सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यातायात के नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से यह एक अच्छी शुरूआत है। ए.एन.पी.आर कैमरे लगने से लोग यातायात के नियमों का पालन भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ए.एन.पी.आर कैमरे के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। इस कैमरे में अभी शुरुआती चरण में जो लोग यातायात के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनको चेतावनी के एस.एम.एस भेजे जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ए.एन.पी.आर कैमरे लगाने की जहां भी आवश्यकता पड़ रही है, स्थानों का चयन कर वहां इसकी सुविधा उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने कहा कि ए.एन.पी.आर कैमरे लगने से जीएसटी एवं अन्य विभागों को भी मदद मिलेगी व कर चोरी की रोकथाम भी इससे संभव होगी। इससे जहां चेक पोस्टों पर जाम से निजात मिलेगी, आवागमन भी सरल होगा। इस व्यवस्था के प्रारम्भ होने से वाहन दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी।

सचिव परिवहन अरविन्द सिंह ह्यांकी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि मोटर यान अधिनियम, 1988 में संशोधन करते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वाहनों की इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग किये जाने की व्यवस्था की गई है। उत्तराखण्ड में राज्य की सीमा पर स्थापित सभी चैक पोस्टों को समाप्त कर दिया गया है। राज्य में इलैक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने हेतु प्रथम चरण में राज्य की सीमा पर ए०एन०पी०आर० स्थापित करने की योजना बनाई गयी जिसके लिये राज्य सड़क सुरक्षा कोष से रूपये 4.61 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

सचिव परिवहन ने जानकारी दी कि योजना के अन्तर्गत ए०एन०पी०आर० पोर्टल से प्राप्त डाटा को जीएसटी विभाग को उपलब्ध कराने हेतु इन्टीग्रेशन की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है, जबकि अन्य विभागों खनन, आबकारी, पर्यटन, शहरी विकास, वन विभाग तथा पुलिस के साथ इन्टीग्रेशन किया जाना भी प्रस्तावित है ताकि एक ही माध्यम से प्राप्त डाटा का सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा उपयोग किया जा सके।

इस व्यवस्था को पूर्णतः आटोमेटेड बनाया गया है जिसके लिए ए०एन०पी०आर० कैमरे के लिए तैयार सॉफ्टवेयर का इन्टीग्रेशन वाहन पोर्टल एवं ई–चालान पोर्टल से किया गया है। इससे वाहन की नम्बर प्लेट के आधार पर चालान स्वतः जेनरेट हो सकेंगे, जिसमें मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा।

## अतीक–अशरफ का बदला लेना है: मौलाना तौकीर रजा

**बरेली , एजेंसी।** इत्तेहाद–ए–मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने बरेली के फरीदपुर में रविवार रात एक जनसभा में कहा कि अगर अतीक और अशरफ की हत्या का बदला लेना है, आजम खां के ऊपर हुए जुल्मों का बदला लेना है तो मुसलमानों तुम्हें खुद को बदलना होगा। अगर अपने हालात दुरूस्त रखना चाहते हो तो तुम्हें अपने तौर–तरीके बदलने होंगे। मुसलमानों जैसा बनना होगा। अगर तुम नहीं बदले इससे भी बुरा हश्र होगा।

फरीदपुर के आईएमसी के समर्थित प्रत्याशी इफ्तिखार के समर्थन में आयोजित जनसभा को आईएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां संबोधित कर रहे थे। कहा कि मुसलमान पर जब भी जुल्म और ज्यादती हुई है। उन्होंने कभी उसकी बिरादरी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि अतीक–अशरफ की हत्या और आजम खां की जिल्लत के लिए जितनी जिम्मेदार भाजपा है, उससे कम जिम्मेदार समाजवादी पार्टी भी नहीं है।

## बारिश बनी जंगलों के लिए वरदान, वन विभाग को मिली राहत

**पौड़ी।** इसे ग्लोबल वार्मिंग कहें या कुछ और, मगर इतना तो तय है कि कुदरत इस बार जंगलों पर मेहरबान है। मौसम के बदले इस स्वरूप से पहाड़ों में तो ठंड जाने का नाम नहीं ले रही। वहीं तपते मैदानों में इस बार गरमी नाममात्र ही हो रही है। आए दिन बारिश और बर्फबारी के चलते पौड़ी जनपद में वनाग्नि की केवल 16 घटनाएं सामने आई हैं। जो कि एक आरक्षित वन तो 15 सिविल फॉरेस्ट की हैं। वहीं मौसम के इसी अंदाज से वन महकमे ने भी राहत की सांस ले रखी है। मौसम के इस बदले स्वरूप के चलते फायर सीजन के शीर्ष माह में भी वनाग्नि की केवल 16 ही घटनाएं पौड़ी जिले में दर्ज की गई हैं। जिससे वन महकमे के साथ –साथ जंगलों में पारिस्थितिकी बखूबी फलफूल रही है। वहीं आरक्षित वन में इस साल वनाग्नि की केवल एक घटना दर्ज हुई। आग की यह घटना बीती 18 अप्रैल को पोखड़ा रेंज के उटई बीट के जंगल में हुई। इससे 2.5 हैक्टेअर क्षेत्रफल में आग की भेंट चढ़ गए। वहीं इससे वन संपदा के करीब 7500 का नुकसान हुआ। जबकि इस साल सिविल वनों में आग लगने की अभी तक महज 15 घटनाएं दर्ज हैं। जिसमें करीब 43 हैक्टेयर क्षेत्र में आग लगी। आग से हुए नुकसान का अनुमान वन विभाग की सिविल डिविजन ने करीब 70 हजार रुपये बताया है। सिविल वन प्रभाग की रिपोर्ट के मुताबिक पौड़ी जिले में वनाग्नि की अंतिम घटना बीती 28 अप्रैल को दर्ज हुई।बीते साल सिविल वनों में आग लगने की कुल 167 घटनाएं हुईं। जिसमें सिविल वनों का करीब 238 हैक्टेयर क्षेत्रफल आग की भेंट चढ़ गया। वहीं बीते साल सिविल फॉरेस्ट के आग की भेंट चढ़ने से करीब 6 लाख 87 हजार 290 रूपये की क्षति दर्ज की गई।बीते साल आरक्षित वनों में आग की 165 घटनाएं हुईं। जिसमें 162 तो विशुद्ध आरक्षित वनों की रही तो 3 घटनाएं प्राइवेट फॉरेस्ट की थी। आग की इन घटनाओं से करीब 368 हैक्टेअर जंगल वनाग्नि से प्रभावित हो गया।

# सड़क–नालियों के अधूरे निर्माण पर भड़के निशंक, केस दर्ज करने की चेतावनी




देहरादून। देहरादून जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक वन विभाग के मंथन सभागार में सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सड़क चौड़ीकरण और नालों के अधूरे निर्माण पर नाराजगी जताते हुए सांसद निशंक ने अफसरों पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी।सांसद निशंक ने दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस–वे, एनएच 72 पांवटा साहिब–बल्लूपुर, एनएच 7 भानियावाला–जौलीग्रांट–ऋषिकेश चौड़ीकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यां में तेजी लाई जाए। उन्होंने आईएसबीटी के समीप संचालित ड्रेनेज कार्यां की धीमी गति पर नाराजगी जताई। नाराजगी व्यक्त करते हुए ऊर्जा निगम के अधिकारियों को बिजली लाइन तत्काल शिफ्ट करने और लोनिवि को दो सप्ताह के भीतर सड़क सुधारीकरण के निर्देश दिए। निशंक ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि यदि तय समय पर काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अफसरों पर एफआईआर दर्ज कराएं। भोपालपानी और बड़ासी में क्षतिग्रस्त पुल के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।जोगीवाला में अतिक्रमण पूर्ण रूप से नहीं हटाने पर नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश् दिए। बैठक में नगर आयुक्त के नहीं पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें तत्काल बुलवाया गया। बैठक में मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, सहसपुर सहदेव सिंह पुंडीर, डोईवाला बृजभूषण गैरोला, डीएम सोनिका, एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, मुख्य नगर आयुक्त मनुज गोयल, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, प्रभागीय वनाधिकारी नितीशमणि त्रिपाठी, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आरसी तिवारी, सांसद प्रतिनिधि महेश पांडे, पार्षद सतीश कश्यप, राजकुमार कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

**शहर में अंडरपास की संभावनाएं तलाशें**

निर्देशित किया कि हरिद्वार बाईपास पर अजबपुर से आईएसबीटी तक सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण का कार्य 15 जून हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने मोथरोवाला चांचक रिंग रोड सर्वे कार्यों में देरी पर नाराजगी जताई। डीएम को व्यक्तिगत रूप से मामला देखते हुए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। शहर में अंडरपास की संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा। उन्होंने एमडीडीए और नगर निगम को प्रभावी कार्य योजना बनाते हुए अतिक्रमण एवं अनियोजित निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त के ना पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें तत्काल बुलवाया गया।

**तमसा नदी में सीवर डालने वालों को नोटिस भेजें**

सांसद निशंक ने टपकेश्वर में बहने वाली तमसा नदी में गढ़ी डाकरा क्षेत्र से संस्थानों, होटल, रिसोर्ट का वेस्ट वाटर और सीवर डालने पर घोर आपत्ति जताई। निशंक ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इतने पवित्र स्थान में सीवरेज डाला जा रहा है। अधिकारी आंखे बंद किए हुए हैं। सांसद ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सचिव पेयजल को दूरभाष पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश कोल घाटी से त्रिवेणी घाट तक संचालित कार्यां को रात–दिन करते हुए जल्द पूरा किया जाए।

## 12 मई को लंबगांव बाजार बंद रखने का ऐलान

नई टिहरी। लंबगांव बाजार में प्रतापनगर तहसील प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों को नोटिस जारी किये जाने के बाद व्यापारियों और लंबगांव संघर्ष समिति में रोष बना है। व्यापार मंडल और लंबगांव बचाओ संघर्ष समिति ने बैठक क्षेत्रीय विधायक को मामले के संबंध में अवगत करवाया है। साथ ही विरोध में 12 मई को बाजार बंद रखने का ऐलान किया है। लंबगांव व्यापार मंडल पदाधिकारियों और लंबगांव बचाओं संघर्ष समिति से जुड़े लोगों ने लंबगांव में मंगलवार को बैठक कर तहसील प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने के बारे में भेजे गये नोटिसों पर चर्चा की। लंबगांव बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवी सिंह पंवार ने तहसील प्रशासन से अतिक्रमण हटाने के फैसले को वापस लेने की मांग की है। कहा लंबगांव बाजार राजशाही के जमाने से बसा हुआ है, पूर्व सीएम हरीश रावत ने सीएम पद पर रहते हुये लंबगांव बाजार के निर्माण को नियमित कराने का भरोसा दिया था। लेकिन कांग्रेस की सरकार दोबारा न बनने के कारण मामला लटक गया। कहा प्रशासन द्वारा लंबगांव बाजार को तोड़ा जाता है। तो इससे व्यापारी और स्थानीय लोगों को बहुत नुकसान होगा।व्यापार मंडलध्यक्ष युद्धवीर सिंह राणा ने कहा कि तहसील प्रशासन अपना फैसला वापस नहीं लेता है तो विरोध में 12 मई को लंबगांव बाजार बंद रहेगा। और शासन प्रशासन के खिलाफ धरना शुरु किया जाऐगा। राणा ने बताया प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने व्यापारियों और लंबगांव संघर्ष समिति को समर्थन का भरोसा दिया है। बैठक में चंद्रभानु बगियाल, रमेश रावत, अर्जुन बिष्ट, त्रिलोक बिष्ट, सौरभ रावत, रोशन रांगड आदि मौजूद थे।

## डेंटल कॉलेज कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर किया धरना–प्रदर्शन



ऋषिकेश। वीरपुरखुर्द स्थित सीमा डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के कर्मचारी यूनियन का स्थायी नियुक्ति और वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर प्रबंधन वर्ग से विवाद हो गया। इससे आक्रोशित कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया और कॉलेज गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। चेताया कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को श्यामपुर जिला पंचायत सदस्य और सीमा डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौहान डेंटल कर्मचारियों की मांगों पर कार्रवाई को लेकर कॉलेज निदेशक विवेक संग से वार्ता करने पहुंचे। आरोप है कि निदेशक ने ठीक से बात नहीं की और कर्मचारियों को उनकी शर्तों के आधार पर कार्य करने की चेतावनी दी। शर्तों को नहीं मानने पर उन्हें कॉलेज से बाहर का रास्ता दिखाने की धमकी दी। कॉलेज निदेशक के रवैये से मौके पर मौजूद कर्मचारी भड़क गए और कार्य बहिष्कार कर गेट के बाहर प्रदर्शन के करते हुए धरने पर बैठ गए। आंदोलनरत कर्मियों ने बताया कि डेंटल कॉलेज में कर्मचारियों को कार्य करते हुए कई वर्ष हो गए हैं,

### भगवंतपुर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, मुकदमा दर्ज

देहरादून। भगवंतपुर में सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया। उससे लगती जमीन पर बहुमंजिला इमारत बनाने वाले ने यह फर्जीवाड़ा किया। मामले में आरोपी कब्जा करने के वाले खिलाफ दून की सदर तहसील के पटवारी ने मुकदमा दर्ज कराया है।

राजपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र चौहान ने बताया कि सदर तहसील के पटवारी रविकांत धानिया ने तहरीर दी। बताया कि भगवंतपुर राजस्व ग्राम स्थित खसरा संख्या 38 का एक हिस्सा राजस्व जमीन है। इसके पास की जमीन संजीव वोहरा निवासी डिफेंस कॉलोनी, दिल्ली की है। उन्होंने जमीन पर कई मंजिला इमरात बनाई हुई है। आरोप है कि उन्होंने अपनी जमीन पर डेडएंड तक निर्माण किया। इसके बाद पक्का पुश्ता सरकारी जमीन पर बना दिया। शिकायत डीएम कार्यालय पहुंची। डीएम सोनिका ने मामले को गंभीरता से लिया। उनके आदेश पर नगर निगम की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने 11 श्री अन्न कृषक रथों को दिखाई हरी झंडी



देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने 13 से 16 मई तक आयोजित होने वाले श्री अन्न महोत्सव के प्रचार–प्रसार के लिए 11 श्री अन्न कृषक रथों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जोशी ने कहा कि सर्वे ऑफ इंडिया हाथी बड़कला में उत्तराखंड श्री अन्न महोत्सव किया रहा है, जिसमे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री के साथ ही होटल व्यवसाय, कृषि वैज्ञानिक, किसान, उद्योग जगत से जुड़े लोग मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2023 को अंतराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में मिलेट के प्रोत्साहन और उसके उत्पादन को लेकर प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मिलेट्स मेले में श्री अन्न के अधिक उत्पादन और उसके विपणन को लेकर चर्चा की जाएगी। विचार–विमर्श के बाद जो सुझाव आएंगे उन्हें राज्य सरकार धरातल पर उतराने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड में 88 हजार हैक्टेयर में मिलेट की खेती की जा रही है, जिससे प्रत्येक साल लगभग एक लाख 23 हजार से मिलेट्स का उत्पादन किया जा रहा है। किसानों को उसकी उपज का सही दाम मिल सके इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव में कलेक्शन सेंटर खोले गए हैं। जहां किसान कलेक्शन सेंटर पहुंचकर उचित दाम पा रहे हैं। किसानों को उनकी पैदावार की कीमत सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि जब राज्य 25 वर्ष का होगा तो हम मिलेट्स के उत्पाद को दोगुना करेंगे, इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान कृषि निदेशक गौरी शंकर, अपर सचिव रणवीर सिंह, कृषि अधिकारी लतिका सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आरटीई से प्रवेश के लिए 13 मई से ऑनलाइन आवेदन

रुड़की। शिक्षा विभाग ने जिले के निजी स्कूलों में आरटीई की आरक्षित सीटों पर अपवंचित, गरीब परिवार के बच्चों को प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल आरक्षित सीटों की गणना चल रही है। सभी प्राइवेट स्कूलों में पहली कक्षा की कुल सीटों में से 25 प्रतिशत सीटें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अपवंचित या गरीब वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित होती हैं। इन बच्चों की फीस व सारे अन्य खर्च सरकार स्कूलों को अदा करती है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक–शिक्षिकाओं हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया

रुड़की। राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन ब्लॉक नारसन की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षक–शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एसोसिएशन ने वर्ष 2021 से ब्लॉक स्तर पर सेवानिवृत्त शिक्षक–शिक्षिकाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम शुरू किया था। ब्लॉक नारसन में इस वर्ष कुल आठ शिक्षक सेवानिवृत्त हुए थे। इस दौरान रविन्द्र कुमार गौतम, फुलदास ने मौजूद लोगों का बैज लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। एसोसिएशन की ओर से रविन्द्र कुमार ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डीपी हटवाल से आग्रह किया कि सेवानिवृत्त हुए सभी शिक्षकों के कार्यालय से संबंधित सभी कार्य बिना परेशानी और भागदौड़ के पूरे हो कराए जाएं।

### मिल ने 39 करोड़ का गन्ना भुगतान किया

रुड़की। लक्सर चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक अजय खंडेलवाल ने बताया कि पेराई सत्र 2022–23 में 31 मार्च 2023 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान मिल पहले ही किसानो को अदा कर चुकी है। मंगलवार को 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक खरीदे गए गन्ने का कुल 38.97 करोड़ रुपये के भुगतान का चेक मिल ने लक्सर के अलावा इकबालपुर, लिब्बरहेड़ी व ज्वालापुर गन्ना समितियों को भेज दिया है। लक्सर समिति के प्रभारी सचिव सूरजभान सिंह ने बताया कि चेक को पहले समिति के खाते में जमा कराया जा रहा है।

## उत्तराखंड कराटे चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले बच्चों को सम्मानित किया



ऋषिकेश। शैम लिटिल स्टार्स स्कूल के पांच बच्चों ने उत्तराखंड कराटे चैंपियनशिप में मेडल जीत हैं। मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन ने इन बच्चों को सम्मानित किया। मंगलवार को पुष्कर मंदिर मार्ग स्थित शैम लिटिल स्टार्स स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राहुल पंवार ने उत्तराखंड कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वालों को सम्मानित किया। कराटे कोच चन्द्र मोहन तिवारी ने कहा कि बीते रोज देहरादून आमवाला में उत्तराखंड कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। इसमें विद्यालय के आदित्य वर्मा ने स्वर्ण, वेद हटवाल ने रजत, आयुष्मान कंडारी, तर्नव सिंह, रुद्राक्ष त्रिपाठी ने कांस्य पदक जीता है।

### विज्ञान और गणित विषय शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

देहरादून। राज्य के माध्यमिक स्तर पर गणित और विज्ञान विषय के शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू होने जा रहा है। उक्त कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एससीईआरटी) और भारतीय विज्ञान एवं शिक्षा अनुसंधान संस्थान पुणे के सहयोग से किया जा रहा है।

एससीईआरटी निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में राज्य के 500 शिक्षकों को तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद इनमें से 150 शिक्षकों का चयन उनके कक्षा में किए गए प्रदर्शन के आधार पर करते हुए, उन्हें भारतीय विज्ञान एवं शिक्षा अनुसंधान संस्थान पुणे में दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बीईओ के पक्ष में ग्रामीणों ने किया आंदोलन का एलान

विकासनगर। ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों और खंड शिक्षाधिकारी के बीच पैदा हुए विवाद को भले ही उच्चाधिकारियों ने शांत करा दिया हो, लेकिन अब स्थानीय ग्रामीण इस विवाद में कूद पड़े हैं। स्थानीय ग्रामीणो ने खंड शिक्षाधिकारी के पक्ष में नया आंदोलन शुरू करने की बात कही है, जिससे अभी इस विवाद के शांत होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि बीईओ को कालसी मुख्यालय वापस भेजा जाना चाहिए। मंगलवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर देहरादून में मुख्य शिक्षाधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय पर कड़ी नाराजगी जताई। अभिभावकों ने कहा कि वर्तमान खंड शिक्षाधिकारी के ब्लॉक में कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार आया है। वो पहले अधिकारी हैं, जिन्होंने ब्लॉक मुख्यालय के पास ही आवास लिया हुआ है, जिससे प्रत्येक दिन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जा सके। कहा कि अधिकांश शिक्षक अधिकारी के विद्यालय में निरीक्षण के लिए आने के बाद पहुंचते हैं। उनके द्वारा हर दिन किए जा रहे औचक निरीक्षण के कारण शिक्षकों ने समय पर विद्यालय पहुंचना शुरु कर दिया था। शिक्षकों के बिना पूर्व सूचना के विद्यालय से नदारद रहने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगी थी। दुर्गम क्षेत्रों के विद्यालयों में पैदल दूरी नापकर अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंच रहे थे। इसी सक्रियता के चलते शिक्षकों को बीईओ की कार्यप्रणाली नागवार गुजरी। लिहाजा शिक्षकों ने बेवजह उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने कहा कि संख्या बल के आधार पर शिक्षक उच्चाधिकारियों पर दबाव बनाने में कामयाब रहे, जिसके चलते सीईओ ने खंड शिक्षाधिकारी को देहरादून मुख्यालय से संबद्ध करने का निर्देश जारी कर दिया। कहा कि बीईओ जल्द मूल तैनाती स्थल कालसी ब्लॉक में वापस नहीं भेजे जाने पर ग्रामीण शिक्षा निदेशालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे।

## एनसीसी कैडेट्स को छात्रवृत्ति और बेस्ट कैडेट अवॉर्ड वितरण किए



रुड़की। 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी रुड़की में कमान अधिकारी कर्नल राधाकृष्णन रमेश ने एनसीसी कैडेट्स को छात्रवृत्ति का वितरण किया। इसमें मुख्यमंत्री गोल्ड मेडल, मुख्यमंत्री छात्रवृति, कैडेट वेलफेयर सोसाइटी की ओर से दी जाने वाली छात्रवृत्ति और बेस्ट कैडेट अवॉर्ड शामिल थे। कर्नल राधाकृष्णन्न रमेश ने बीएसएम पीजी कॉलेज की एनसीसी कैडेट भावना पंवार को मुख्यमंत्री गोल्ड मेडल से अलंकृत किया और तीन हजार रुपये की छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। वहीं, केएलडीएवी पीजी कॉलेज के राहुल सिंह कठैत और संस्कृति श्रीवास्तव को बेस्ट कैडेट अवॉर्ड सिनियर डिवीजन और मुख्यमंत्री छात्रवृति से नवाजा गया।

### बदरीनाथ मंदिर परिसर में क्यूआर कोड मामले में जांच शुरु

चमोली। बदरीनाथ धाम मंदिर परिसर समेत जगह–जगह क्यूआर कोड लगाए जाने के मामले में पूछताछ के लिए चमोली पुलिस की टीम देहरादून रवाना हो गई है। पुलिस टीम की ओर से बीकेटीसी के तत्कालीन अधिकारियों से भी क्यूआर कोड लगाने के मामले में पूछताछ की जाएगी। दोनों धामों में लगे क्यूआर कोड हटा दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार केदारनाथ और बदरीनाथ में डिजिटल दान के लिए वर्ष 2017 से क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं, इस बार सोशल मीडिया पर हो हल्ला होने पर प्रसंग चर्चा में आया। क्यूआर कोड बदरीनाथ में लगाए जाने पर आपत्ति दर्ज करते हुए बीकेटीसी के अधिकारी अनिल ध्यानी ने बदरीनाथ थाने में तहरीर देकर मामले की जांच की मांग की। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु की। चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि मामले में पेटीएम और बीकेटीसी के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी।

## राज्य कर कर्मियों ने उठाई तबादला एक्ट से बाहर करने की मांग

देहरादून। राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन ने राज्य कर विभाग को तबादला एक्ट से बाहर कर पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तबादला एक्ट की वजह से विभाग में कर्मचारियों के तबादलों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई है।

राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सचिव वित्त को ज्ञापन भेजकर विभाग को तबादला एक्ट से बाहर करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि विभाग का कोई भी संभागीय व मंडल कार्यालय दुर्गम में नहीं है जिस वजह से कर्मचारियों के सुगम दुर्गम ट्रांसफर की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने विभाग में तबादलों के लिए तय की गई पुरानी व्यवस्था को फिर से लागू करने की मांग उठाई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में एक कर्मचारी सेक्टर कार्यालय में अधिकतम पांच साल और प्रशासनिक कार्यालय में अधिकतम तीन साल की ही सेवा कर सकता था। उसके बाद कर्मचारी का स्वतः ही तबादला हो जाता था। लेकिन अब सुगम और दुर्गम की व्यवस्था की वजह से तबादले की प्रक्रिया ही अटक गई है। जबकि इसका सीधा प्रभाव कर्मचारियों के प्रमोशन पर पड़ रहा है।

## स्कूलों में जरूरी प्रमाण पत्र बनने से छात्रों को मिलेगा लाभ: महेंद्र भट्ट

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के स्कूलों में 11वीं और 12वीं के छात्रों के मूल निवास, जाति प्रमाण आदि दस्तावेज बनाने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि सभी स्कूलों को अपणु स्कूल अपणु प्रमाण योजना से जोड़ने के बाद प्रतियोगी छात्रों को निश्चित रूप से लाभ होगा। उन्हे इन प्रमाण पत्रों के लिए अनावश्यक भाग दौड़ नही करनी होगी। इससे उनका समय और व्यय दोनों ही बचेगा और वह परीक्षा की तैयारी पर भी फोकस कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि धामी सरकार के इस फैसले से अभिभावकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। महेंद्र भट्ट ने सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी सरकारी योजनाओं का सरलीकरण कर आम लोगों को राहत दे रहे हैं। इससे पूरे राज्य के लोगों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले सरकार जनता के द्वार जाने की पहल की और अब युवा और छात्रों के द्वार भी जा रही है।

### केदारनाथ में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस टीम सम्मानित

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में पुलिस कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें उसी तिथि को सम्मानित किया जा रहा है जिस तिथि को वे बेहतर कार्य कर रहे हैं। सोमवार रात केदारनाथ में भारी बर्फबारी के चलते चौकी प्रभारी केदारनाथ सहित पुलिस टीम के टेंटों से बर्फ हटाने के उत्कृष्ट कार्य पर एसपी ने उन्हें सम्मानित किया है। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने केदारनाथ यात्रा शुरू होने के दिन से ही पुलिस के जवानों के साथ ब्रीफिंग करते हुए बताया कि इस बार की केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को उनके द्वारा उसी तिथि को ही सम्मानित किया जाएगा।

## कांग्रेस विधायकों के खिलाफ डीएम दफ्तर में नारेबाजी



हरिद्वार। भाजपा कार्यकर्ताओं ने धर्मस्थल मामले में कांग्रेस विधायकों के खिलाफ डीएम दफ्तर में नारेबाजी की। पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने विधायकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डीएम विनय शंकर पांडेय को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को डीएम कैंप कार्यालय में कांग्रेस विधायकों के हंगामा करने के बाद विरोध शुरू हो गया है। भाजपाइयों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दोपहर के समय पूर्व विधायक संजय गुप्ता के साथ भाजपा कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की। डीएम दफ्तर के अंदर भी भाजपाइयों ने नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार सरकारी भूमि से अतिक्रमण को सख्ती से हटाए जाने के निर्देश हैं,

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की हो सीबीआई जांच, किया प्रदर्शन

## सीबीआई जांच के आदेश नहीं देने पर उक्रांद ने किया प्रदर्शन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदर्शन किया। कहा कि प्रदेश की जनता लगातार सीबीआई जांच करवाने की मांग उठा रही है। बावजूद सरकार इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है।

मंगलवार को सदस्यों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इसके उपरांत दल के सदस्यों ने केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण व महानगर अध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद पौड़ी के यमकेश्वर विकास खंड के अंतर्गत गंगाभोगपुर स्थित एक रिसोर्ट में कार्यरत अंकिता भंडारी की 18 सितंबर 2022 को हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के बाद से ही जनता मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग करती आ रही है, लेकिन हत्यारे के परिवार का भाजपा से संबध होने के कारण ऐसा नहीं किया जा रहा है और सरकार की जांच हत्यारों को बचाने के उद्देश्य से जारी है। कहा कि न्यायालय में गवाह अंकिता के शोषण की बात कह रहे हैं, लेकिन पुलिस की जांच में इसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। कुछ वीआईपी के नाम भी हत्याकांड में सामने आए, लेकिन पुलिस व एसआईटी इस पर भी मौन रही। जाहिर है कि अंकिता के हत्यारों को बचाने की कोशिश जारी है और उक्रांद इस कोशिश का विरोध जारी रखेगा। ज्ञापन में राष्ट्रपति से केंद्र व प्रदेश सरकार को अंकिता हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने के लिए निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में सुखदेव शास्त्री, पितृशरण जोशी, रमेश कोठारी, विनोद चौधरी, श्रवण सिंह रावत, पुष्कर सिंह और राम प्रसाद डोबरियाल आदि शामिल थे।



कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन करते उक्रांद कार्यकर्ता

## शकुंतला चौहान के निधन पर जताया शोक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोटद्वार महिला जिलाध्यक्ष शकुंतला चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस शिविर कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि स्व. शकुंतला चौहान का पार्टी के लिए समर्पण व सेवा भावना सभी के लिए प्रेरणादाई है। कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर होने वाले कार्यक्रमों में उनकी सक्रियता को हमेशा याद किया जायेगा। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पूरण सिंह रावत, नईम अहमद, अमित नेगी, विपिन डोबरियाल, गुड्डू सिंह चौहान, लक्ष्मण सिंह रावत, ओम प्रकाश कोटला, अंजू पुंडीर, शूरवीर सिंह खेतवाल, रेशमा छाबड़ा और मौ. स्वाले आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को धमकी देने पर कांग्रेसियों में आक्रोश

**श्रीनगर गढ़वाल** : कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कर्नाटक के चिंतापुर विधान सभा में भाजपा प्रत्याशी मनीकांत राठौर द्वारा परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। आक्रोशित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने श्रीनगर कांग्रेस अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मनीकांत राठौर के खिलाफ तहरीर दी है।

तहरीर में कहा गया है कि चिंतापुर विधान सभा में भाजपा प्रत्याशी मनीकांत राठौर द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं उनकी पत्नी तथा परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। कहा भाजपा नेता द्वारा उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार से कांग्रेस कार्यकर्ता आहत हैं। इसलिए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए। तहरीर देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी वींरेंद्र सिंह नेगी, संजय कुमार आदि शामिल हैं। (एजेंसी)

## शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता में अंकित रहा अव्वल, किया सम्मानित



कोटद्वार महाविद्यालय में अंकित को सम्मानित करती प्राचार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के संगीत विभाग के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सितारगंज में आयोजित राज्य स्तरीय शॉर्ट फिल्म में प्रथम स्थान पाने वाले महाविद्यालय के छात्र अंकित सिंह को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डा. जानकी पंवार ने संगीत विभाग में अध्ययनरत अंकित सिंह को सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल अवसरों की आवश्यकता है' निश्चित ही सभी विद्यार्थी एक दिन बुलंदियों को प्राप्त करेगें। उन्होंने अंकित की प्रतिभा की सराहना करते हुए इसे महाविद्यालय की उपलब्धि बताया।

डॉ. जुनीष कुमार ने अंकित को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. डीएस चौहान ने कहा कि अभिनय के क्षेत्र में कैरियर बनाना आसान तो नहीं है, लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा गढ़ सकते हैं।

संगीत विभाग प्रभारी डॉ. चंद्रप्रभा भारती के द्वारा विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, अनिता रावत आदि मौजूद रहे।

## अभिव्यक्ति मेले में लगाए स्टाल, शिक्षकों ने साझा किये अनुभव

**पौड़ी** : शिक्षा विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में मंगलवार को बीआरसी पौड़ी में शिक्षकों के साथ अभिव्यक्ति मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए। शिक्षक अभिव्यक्ति मेले में 32 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

बीते छः महीनों से प्रधानाध्यापकों के साथ कार्यशाला व स्कूल भ्रमण के दौरान विद्यालयी प्रक्रियाओं पर निरंतर संवाद हो रहे हैं। जिसमें मुख्यतः थीम सुबह की सभा, पढ़ने की घंटी, भाषा समृद्ध वातावरण और बाल शोध मेला एवं बाल साहित्य सृजनात्मक पर कार्य किया गया। इसके साथ ही हिंदी, अंग्रेजी व गणित पर भी शिक्षकों ने काम किया। शिक्षकों ने सात समूह बनाकर शिक्षक अभिव्यक्ति मेले में इन थीमों के 7 स्टाल भी लगाएं। जिसमें बच्चों के साथ किए कार्य, हर थीम पर बनाये गए टीएलएम, चार्ट पर लिखे बच्चों व स्वयं के अनुभव आदि प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों व उप शिक्षा अधिकारी पौड़ी ने स्टाल का भ्रमण कर सवाल-जबाव के जरिए प्रधानाध्यापकों के अनुभवों को जाना और उन्हें सुझाव भी दिए। उपशिक्षाधिकारी ने मेले में हिस्सा लेते हुए विचार-विमर्श और प्रश्नों के द्वारा सार्थक चर्चा की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने पुस्तकालय का एक कोना लगाया। जिसमें बाल साहित्य व शिक्षा के दृष्टिकोण से संबंधित पुस्तकों को रखी गई। इसमें पोस्टरों का कोना भी शामिल किया गया। आखिर में फीड बेक सेशन में पुनः चार थीमों पर सवाल जबाव हुए। इसमें प्रतिभागियों ने बताया कि इन प्रक्रियाओं को विद्यालय में कब व कैसे किया जाता है, कौन सी प्रतिक्रिया प्रभावी होती है और कब नहीं। इन प्रक्रियाओं के महत्व व इनके मकसद को भी स्पष्ट किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी पौड़ी सावेद आलम, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन बैंगलोर से मीरा प्रभु, विकास बडथ्वाल, बीआरसी समन्वयक नवीन डोभाल, प्रदीप , माधव गैरोला, पूजा, नरेश, श्वेता कठैत, सम्पूर्णा नंद जुयाल, महेश गिरि, मीमांशा, अजय सेमवाल, श्रीचंद आदि मौजूद रहे।

## यात्रा रूट पर वाटर एटीएम दुरस्थ रखें विभाग : आयुक्त

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : चारधाम यात्रा को लेकर आयुक्त गढ़वाल ने अफसरों को मौसम का मिजाज देखते ही यात्रियों की सुरक्षित यात्रा करवाने को कहा है। आयुक्त सुशील कुमार ने कहा कि केदारनाथ में गरम पानी की व्यवस्था से लेकर बीते सीजन में जल संस्थान द्वारा जगह-जगह यात्रा रुटों पर लगाएं गए वाटर एटीएम भी ठीक करने के लिए जीएम जल संस्थान को कहा है।

पौड़ी पहुंचे आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि बीते सीजन केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़े खच्चरों की मौत हो गई थी। इस दफा पंजीकरण को और मजबूत किया गया है, साथ ही घोड़ों के चक्कर भी निर्धारित करने को कहा गया है। इनके लिए पैदल रूट पर गरम पानी की व्यवस्था की गई है। बीते सीजन में यात्रा रूट पर यात्रियों के लिए जल संस्थान ने वाटर एटीएम लगाए थे उनके रखरखाव के लिए भी विभाग को ध्यान देने को कहा है। आयुक्त ने कहा कि यात्रा मार्ग पर जो वाटर एटीएम खराब हो उसे तत्काल बदला जाए। कर्णप्रयाग के पास बन रहे निर्माणाधीन ब्रिज के कारण सड़क पर आवाजाही में बारिश के कारण परेशानी न हो कार्यदायी संस्था को इसे ठीक रखने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही केदारनाथ यात्रा रूट पर निर्माणाधीन शौचालयों को भी 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

## नियमों के पालन से रूकेंगी सड़क दुर्घटनाएं

### भाबर क्षेत्र में आयोजित की गई जागरूकता कार्यशाला

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की ओर से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान टीम ने विद्यार्थियों को जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने की अपील की। कहा कि जागरूकता से ही सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सकता है।

मंगलवार को भाबर क्षेत्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया। सम्भागीय परिवहन कार्यालय के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप सिंह रौथाण ने विद्यार्थियों को यातायात की जानकारी दी। कहा कि नियमों की अनदेखी के कारण लागातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

हमें वाहन चलाते समय सभी नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। 18 वर्ष से कम आयु के बालकों को वाहन नहीं चलाना है। कहा कि हमें अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों की जानकारी देनी चाहिए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग व पुलिस कार्रवाई भी करती है। इस मौके पर कलालघाटी चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार, अश्विनी कुमार, मयंक प्रकाश कोठारी, विपिन जदली, आरती कंडवाल, रेखा देवी, अनिल कुमार सैनी, नितिश कुमार, अमृता रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला में बच्चों को जानकारी देते अधिकारी

## महापौर ने विधानसभा अध्यक्ष को भेजा कानूनी नोटिस

### शराब की दुकान खोलने को लेकर छवि खराब करने का आरोप , जल्द जवाब नहीं मिलने पर दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत घमंडपुर में शराब की दुकान खोलने को लेकर दिए गए बयान पर महापौर हेमलता नेगी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को कानूनी नोटिस जारी किया है। कहा कि यदि नोटिस का जल्द जवाब नहीं दिया गया तो वह विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाएंगी।

मंगलवार को अपने आवास में पत्रकारों से वार्ता करते महापौर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाबर क्षेत्र के अंतर्गत घमंडपुर दुर्गापुरी में प्रस्तावित शराब की दुकान का स्थानीय लोग विरोध कर रहे थे। इसी दौरान विधान सभा अध्यक्ष द्वारा लोगों के बीच जाकर बयान दिया गया कि दुकान खोलने के लिए नगर निगम की ओर से एनओसी जारी की गई है और निगम ने ही दुकान आवंटित की है, जबकि हकीकत में शराब की दुकान खोलने की अनुमति निगम की ओर से नहीं दी जाती। नगर निगम आयुक्त भी लिखित में जानकारी देकर इस बात का खंडन कर चुके हैं। बताया कि अभी तक विधायक द्वारा अपने बयान का खंडन नहीं किया गया है, इसलिए उन्हें नोटिस जारी कर सार्वजनिक रूप से खंडन करने का आग्रह किया गया है। अगर उनके द्वारा अपने बयानों का सार्वजनिक खंडन नहीं किया गया तो मानहानि का मुकदमा दायर किया जायेगा। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष इस तरह की बयानबाजी कर रही हैं। वह जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष की शिकायत मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री व उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष से भी करेंगी।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करती महापौर हेमलता नेगी

## चारा-पत्ती लेने गई महिला पर हाथी ने किया हमला

**कोटद्वार** : लैंसडौन वन प्रभाग के कोटड़ी रेंज में चारा पत्ती लेने गई एक महिला पर हाथी ने हमला कर दिया। महिला को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती करवाया गया है। बेस अस्पताल में भर्ती सनेह कोटड़ीढांग निवासी सुलोचना देवी ने बताया कि वह मंगलवार को अपने साथ की महिलाओं के साथ जंगल में चारा-पत्ती लेने गई हुई थी। इसी दौरान झाड़ियों के पीछे छिपे हाथी ने उन पर अपनी सूंढ से हमला कर दिया। हाथी आगे बढ़ता इससे पहले अन्य महिलाओं ने शोर मचाकर उसे जंगल की ओर खदेड़ दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया।

## अग्निशमन यंत्रों के संचालन के बारे में जानकारी दी

**श्रीनगर गढ़वाल** : अग्निशमन विभाग जनपद पौड़ी की ओर से श्रीनगर एवं श्रीकोट होटल एसोसिएशन के सदस्यों के लिए एक दिवसीय फायर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने चार धाम यात्रा सुरक्षा के दृष्टि से अग्निशमन यंत्रों के संचालन के बारे में जानकारी दी।

अग्निशमन फायर यूनिट श्रीनगर प्रभावी पवन कुमार शर्मा एवं हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र महर, सोनू कुमार सैनी व अन्य कर्मचारियों द्वारा शहर के विभिन्न होटल स्वामियों एवं कर्मचारियों को फायर से जानकारी के साथ ही प्रशिक्षण करवाया गया। इस दौरान उन्होंने सभी को फायर उपकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने व आकस्मिक आगजनी पर तत्काल फायर विभाग को सूचित करने को कहा। मौके पर होटल एसोसिएशन के संरक्षक नरेश नौटियाल, महासचिव डॉ. विनीत पोस्ती, कोषाध्यक्ष विक्रम पंवार ने निकट भविष्य में हर वर्ष दो-तीन फायर प्रशिक्षण शिविर लगाने की मांग की। (एजेंसी)

## श्रीनगर पुलिस ने तीन हत्यारोपी गिरफ्तार किए

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीकोट गंगानाली में दो दिन पूर्व हुई नैन सिंह रावत हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कार्यवाही में जुटी हुई है। इस मामले में मृतक की पत्नी पुष्पा रावत की ओर से पांच नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया गया है।

श्रीकोट गंगानाली में रविवार को नैन सिंह रावत का शव कमरे के अंदर बेड में पड़ा हुआ मिला था। मृतक की पत्नी पुष्पा रावत की ओर से इसे हत्या का मामला बताते हुए कोतवाली श्रीनगर में तहरीर दी गई। तहरीर में उन्होंने ललित मोहन जोशी, विक्रम भंडारी, रोबिन ध्यानी, सोनू धीमान एवं राजू पंत सहित एक अज्ञात व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने इस मामले में सोमवार को आईपीसी की धार 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को पुलिस ने तीन आरोपियों विक्रम सिंह भण्डारी (29), ललित मोहन जोशी (42) और रोबिन ध्यानी (34) तीनों निवासी श्रीकोट गंगानाली को गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में विवेचक रवि कुमार सैनी, एसएसआई संतोष पैथवाल, एसआई लक्ष्मण सिंह कुंवर, एसआई प्रवीणा सिदोला, मुख्य आरक्षी, दीपक मेवाड़, संजय कुमार, शंभू प्रसाद, पंकज शर्मा, गंगा सिंह, बचन सिंह शामिल रहे।

## बिना स्वीकृत कार्यों का भुगतान करने पर भड़के पार्षद

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नगर निगम के पार्षदों ने नगर आयुक्त पर बोर्ड बैठक में बिना स्वीकृत कार्यों के भुगतान का आरोप लगाया है।

इस संबध में नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में पार्षदों ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के लिए अभी तक बजट का आवंटन व निर्धारण भी नहीं किया गया है। लेकिन नगर आयुक्त की ओर से कार्यों का भुगतान किया जा रहा है। जो अनुचित है। पार्षदों ने नगर आयुक्त द्वारा बिना बोर्ड की अनुमति के 2 करोड़ 7 लाख प्रतिवर्ष के आउटसोर्स का टेंडर जारी करने पर रोष व्यक्त किया है।

पार्षदों ने टेंडर को निरस्त करने सहित एक सप्ताह के अंदर बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद कमल सिंह नेगी, अमित नेगी, विवेक शाह, सुखपाल शाह, गीता नेगी, सूरज कांती और प्रवेंद्र सिंह रावत सहित सभी पार्षद शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाया गया शांति इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : दुर्गापुरी स्थित शांति इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सूर्यप्रकाश सिंह व पूर्व उप महाप्रंधक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। कहा कि बच्चों को अपने जीवन में हर रोज कुछ नया सीखना चाहिए। इसके उपरांत बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी व अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आदित्य मिश्रा, डायरेक्टर शांति मिश्रा ने विद्यालय के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय लगातार सफलता के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर प्रवीण सिंह, राजेंद्र जजेडी, चंद्र प्रकाश नैथानी, लक्ष्मण बिष्ट, नागेंद्र उनियाल, धर्मवीर सिंह गुसाईं, जसवंत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव पर प्रस्तुति देती छात्राएं

# डीडीहाट में जगदीशिला डोली का हुआ स्वागत



पिथौरागढ़। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का डीडीहाट पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान बाजार में शोभा यात्रा भी निकाली गई। बाद में जगदीशिला डोली बागेश्वर को रवाना हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्रीप्रसाद नैथानी के नेतृत्व में जगदीशिला डोली सोमवार शाम नगर में पहुंची। ग्लोरियल पब्लिक स्कूल की प्रबंधक रेखा कापड़ी, ललित भंडारी, चंचल चौहान, गिरीश चुफाल सहित अन्य लोगों ने जगदीशिला डोली का भव्य स्वागत किया। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को ग्लोरियल पब्लिक स्कूल में हवन का आयोजन हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री नैथानी ने कहा कि जगदीशिला डोली रथ यात्रा विश्व शांति के लिए निकाली जा रही है। यह यात्रा बीते तीन मई को हरिद्वार से शुरू हुई थी। 13 जनपदों के साथ ही यह यात्रा चारधामों का भी भ्रमण करेगी। बाद में ग्लोरियल स्कूल से लेकर गांधी चौक में लोगों ने शोभायात्रा निकाली।

## गांजा तस्करी में तीन आरोपियों को दस–दस साल की सजा



अल्मोड़ा। गांजा तस्करी के एक मामले में तीन आरोपियों को दस–दस साल की सजा और एक लाख के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया है। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि 7 मार्च 2021 को भतरौंजखान पुलिस ने जैनल पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहन संख्या डीएल 01 सीडब्लू 6889 को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में सवार तीनों आरोपियों के कब्जे से 78.890 किलो गांजा बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। अभियोजन की ओर से न्यायालय में छह गवाह पेश किये गये। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गहावों का परिसीलन कर न्यायालय ने आरोपी शमीम, सोनू और हेमंत सिंह निवासी मझोला जिला मुरादाबाद को दस–दस साल की सजा और एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। तीनों आरोपियों को दस–दस साल की सजा और एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# पिथौरागढ़ में निजी स्कूलों का पुतला फूंका



पिथौरागढ़। रि–एडमिशन वापस करने, मेंटिनेंस के नाम पर आर्थिक शोषण न करने और शिक्षक–शिक्षिकाओं को उचित मानदेय देने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने निजी स्कूलों का पुतला फूंका।

इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग से बिना मान्यता के खोले गए विद्यालयों को बंद करने की मांग की। कहा अगर उनकी मांगों को अनदेखा किया गया तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। मंगलवार को जाग उठा पहाड़ के बैनर तले लोगों ने निजी स्कूलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। संयोजक गोपू महर ने कहा कि रि–एडमिशन पर पहले निजी स्कूल शुल्क न लेने की बात कह रहे थे, अब शुल्क वसूलने की बात कह रहे हैं। वाणिज्य विषय में भी प्रेक्टिकल शुल्क लेकर निजी स्कूल अभिभावकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। बच्चों को एनसीईआरटी के अलावा सप्लीमेंट किताबों को घर में रखने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निजी स्कूल ने फीस के नाम पर 100 रुपये की रसीद काटी है और 3700 रुपये का शुल्क लिया है।

# पावर लिफ्टर प्रणय और आंचल को किया सम्मानित



ऋषिकेश। तमिलनाडु में 12 से 14 मई के बीच आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में ऋषिकेश के प्रणय पांथरी और आंचल बिष्ट प्रतिभाग करेंगे। उत्तराखंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित कर प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। मंगलवार को उत्तराखंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा दून मार्ग स्थित एक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्य राजे सिंह नेगी ने प्रणय पांथरी और आंचल बिष्ट को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में 12 मई से 14 मई के बीच राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता होने जा रही है। ऋषिकेश के प्रणय पांथरी और आंचल बिष्ट का इसके लिए चयन हुआ है। एसोसिएशन के अध्यक्ष आरसी भट्ट एवं महासचिव दिनेश पैन्यूली ने कहा कि शहर में खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है और उन्हें आगे बढ़ाने में निरंतर एसोसिएशन प्रयासरत है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों से अपेक्षा की कि वह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देवभूमि का नाम रोशन करेंगे। ऋषिकेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव मनीष कुकरेती ने कहा कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड से करीब 20 खिलाड़ी प्रतिभाग करने जा रहे हैं। इन सभी प्रतिभागियों का चयन हाल ही में ऋषिकेश में आयोजित हुई राज्यस्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के माध्यम से किया गया था।

## एनएसएस स्वयं सेवकों ने भीमावाला में युवाओं कौशल की जानकारी ली

विकासनगर। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने मंगलवार को भीमावाला गांव में युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय की ओर से शुरू किए ह्यना औपचारिक शिक्षा और न ही रोजगार अभियान का सर्वे किया गया। स्वयं सेवकों ने प्रत्येक घर में जाकर 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं के बारे में जानकारी एकत्र की गई। इसके तहत उन युवाओं की जानकारी ली गई जिन्होंने ना ही कोई औपचारिक शिक्षा प्राप्त की और न ही उनके पास रोजगार का कोई साधन है। कार्यक्रम अधिकारी अनिता रावत ने बताया कि ऐसे युवाओं की पहचान कर उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण और औपाचारिक शिक्षा दी जाएगी,

# माया ग्रुप ऑफ कॉलेज सेलाकुई ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

विकासनगर। माया ग्रुप ऑफ कॉलेज सेलाकुई का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। छात्र–छात्राओं के गीत नृत्य की प्रस्तुतियों पर दर्शक जमकर थिरके। इस मौके पर मुख्य अतिथि कालेज की प्रबंध निदेशक ने कहा कि छात्र छात्राओं को अपने जीवन में अनुशासन रखना चाहिए और अपने जीवन के प्रति दीर्घ दृष्टि के प्रति स्पष्ट होना चाहिए।

समारोह का शुभारंभ माया ग्रुप की प्रबंध निदेशक और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल सभी निदेशकों एवं प्राचार्य ने किया। कहा कि छात्राओं को अपनी सफलता के लिए लक्ष्य तय कर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। तभी सफलता मिलेगी।

माया ग्रुप के कैंपस डीन डॉ. मनीष पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने करियर की योजना बनानी चाहिए। छात्र छात्राओं ने गढ़वाली, जौनसारी, कुमाऊनी, हिंदी एकल गायन, एकल नृत्य व समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दर्शकों का भरमूर मनोरंजन कर खूब तालियां बंटोरी। कार्यक्रम में बीटेक प्रथम वर्ष के राहुल थपलियाल को मिस्टर फ्रेशर और बीएचएम के लैंगन को मिस फ्रेशर का ताज मिला। बी.फॉर्मा के फैजान और सोनाली झा को मिस्टर और मिस स्पार्क का पुरस्कार मिला। मिस्टर एंड मिस फेयरवेल के लिए बीटेक के गोंबो और बीफार्मा की सृष्टि का चयन किया गया। प्रेरणा ने माया डांसिंग स्टार का खिताब जीता और निषाद प्रधान ने माया सुपर सिंगर का खिताब जीता। अंत में सिंगर निखिल नाहर, रैपर विन ए और विश्वामित ने अपनी लाइव परफॉर्मेंस से शो का प्रदर्शन कर सभी दर्शकों का मनोरंजन किया। समारोह में गौरव तोमर, डॉ. सुरेश जुयाल, डॉ. सीता जुयाल, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. शिवानी जग्गी, हैप्पी नारंग, विन्नी रावल, विजय कश्यप आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### श्रद्धालुओं से की मंदिरों में पौधरोपण करने की अपील

पिथौरागढ़। पर्यावरण संरक्षण पर काम कर रहे नरेश चंद ने मंदिरों में पूजा–अर्चना को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से पौधरोपण करने की अपील की है। उनका कहना है कि फूल मंदिरों के सौंदर्यीकरण का कार्य करते हैं। साथ ही इनसें आसपास में सकारात्मक वातावरण भी रहता है। उन्होंने लोगों से मंदिर आवाजाही के दौरान एक फूल अवश्य लगाने को कहा।

### गुजरात में होगा अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का सम्मेलन

पिथौरागढ़। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का द्विवार्षिक सम्मेलन गुजरात में होगा। बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र वल्दिया ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का 29 वां द्विवार्षिक सम्मेलन 11 से 13 मई 2023 तक गांधीनगर में प्रस्तावित है। जिसमें जनपद के 25 शिक्षक प्रतिभाग करेंगे,जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जाएगी।

### सात दिन से लापता युवक का शव मिला

पिथौरागढ़। बकरी चुगाने के दौरान काली नदी में गिरे युवक का सात दिन बाद शव मिला है। मंगलवार को पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को बलतड़ी क्षेत्र में नदी किनारे युवक का शव मिला। इधर, केशव की मौत की सूचना मिलने के बाद पत्नी ज्योति और तीन बेटियों का रो–रो कर बुरा हाल है। बता दें कि बीते मंगलवार को कोमल चौक निवासी केशव राम (28) बकरियां लेकर घर के समीप ही जंगल गए थे। इस दौरान वे अनियंत्रित होकर खाई में गिर गए थे।

### कोविड कर्मचारी धरने में अडिग

अल्मोड़ा। नौकरी बहाली को लेकर कोविड कर्मचारियो का अनिश्चित कालानी धरना प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भी कर्मचारी कोविड–19 कर्मचारी संगठन के बैनर तले धरने में डटे रहे। एक स्वर में मांग पूरी नहीं होने तक धरने में डटे रहने की चेतावनी दी। यहां पंकज कुमार, विजय प्रसाद, साहिल जोशी, मुकेश शर्मा, शुभंम आदि मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

पिथौरागढ़। जाजरेदवल पुलिस ने दहेज हत्या की आरोपी एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बीते माह सल्मोड़ा निवासी अर्जुन प्रसाद ने थाने में तहरीर दी। उनका कहना था कि वर्ष 2017 में उनकी बहन इंदु का विवाह पंडा निवासी दिनेश राम के साथ हुआ। विवाह के बाद से ही सास राधिक देवी उनकी बहन को दहेज को लेकर प्रताड़ित करती थी। इससे तंग आकर बीते 27 मार्च को उनकी बहन ने आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भादवि की धारा 304बी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीओ महेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी सास को गिरफ्तार किया है।

### भिकियासैंण में पेयजल आपूर्ति ठप

अल्मोड़ा। नगर पंचायत के लिए रामगंगा नदी से बनी एकल पंपिंग योजना में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से तीन हजार की जनसंख्या को पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। पेयजल आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। सोमवार रात को पेयजल योजना के पंप हाउस के वाल्ब मे खराबी आ गई। इससे पानी लिफ्ट नहीं हुआ। पानी लिफ्ट नहीं होने से मंगलवार को पेजयल आपूर्ति बाधित हो गई। लोगों को पेयजल के लिए प्राकृतिक स्त्रोंतो का सहारा लेना पड़ा। अवर अभियंता गौरव पंत ने बताया सोमवार देर रात डिलीवरी वाल्ब के बैठने से पानी लिफ्ट नहीं हुआ इसे ठीक किया जा रहा है बुधवार सुबह से पानी आपूर्ति सुचारू हो जायेगी।

### कांग्रेस के विधानसभा समन्वयक बने घनानंद शर्मा

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा लोकसभा के एलडीएम को–ऑर्डिनेटर उमा शंकर ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अल्मोड़ा लोकसभा के अंतर्गत सभी जिला एवं विधानसभाओं में समन्वयक एवं संयुक्त समन्वयक पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। जिले की सल्ट विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता घनानंद शर्मा को समन्वयक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। शर्मा को जिम्मेदारी मिलने पर सोबन सिंह बोरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह रावत, अर्जुन सिंह रावत, श्याम बोरा, पूर्व प्रधान पुष्कर सिंह महरा, देवेंद्र सिंह रावत, दया कृष्ण भट्ट, प्रधान साहिल रावत, भगत सिंह रावत, लक्ष्मी रावत, पूर्व शंभु सिंह रावत, कृपाल सिंह, आनंद राम ने खुशी जताई।

# ई रिक्शा संचालकों ने तहसील मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



विकासनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर ई–रिक्शा का संचालन बंद करने से आक्रोशित ई–रिक्शा संचालकों ने मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सीटू संबद्ध ई–रिक्शा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सहसपुर से रैली निकाल कर तहसील मुख्यालय पहुंचे ई–रिक्शा संचालकों ने कहा कि प्रशासन साजिश के तहत उन्हें बेरोजगार कर रहा है। जब तक आदेश वापस नहीं लिया जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा। रैली का नेतृत्व कर रहे सीटू के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुंदर थापा ने कहा कि सरकार एक ओर प्रदूषण कम करने के लिए ईंधन मुक्त वाहनों के संचालन पर जोर दे रही है। वहीं देहरादून जनपद में प्रशासन प्रदूषण मुक्त वाहनों को ही सड़कों से हटा रहा है। कहा कि छोटा वाहन होने के कारण ई–रिक्शा सड़क पर जगह भी कम घेरता है, जिससे यातायात प्रभावित नहीं होता है। बावजूद इसके प्रशासन बड़े वाहन चालकों के दबाव में आकर ई–रिक्शा को सड़कों से हटा रहा है। आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन भी यातायात व्यवस्था के नाम पर ई–रिक्शा चालकों पर ही चाबुक चलाती है। प्रशासन ने हरबर्टपुर चौक से कालसी तक और डाकपत्थर तिराहा से डाकपत्थर बैराज तक ई रिक्शा का संचालन बंद कर दिया है। अब सेलाकुई से सहसपुर और सहसपुर से हरबर्टपुर समेत सेलाकुई से प्रेमनगर तक चलने वाले ई–रिक्शा को भी सड़क से हटाने की तैयारी की जा रही है। मुख्य मार्ग पर संचालन नहीं होने के कारण पछुवादून के तीन हजार ई–रिक्शा चालकों के सामने रोजी–रोटी का संकट पैदा हो गया है। जिन मार्गों पर सवारियों की आवाजाही बेहद कम है, उन मार्गों पर ई–रिक्शा संचालन करने की अनुमति दी जा रही है। कहा कि अंदरूनी मार्गों पर संचालन से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। कहा कि अधिकांश लोगों ने बैंक से ऋण लेकर या किसी से उधार लेकर ई–रिक्शा खरीदा है। अब उनके सामने परिवार के भरण पोषण के साथ ही कर्ज चुकाने का संकट भी पैदा हो गया है।

## शादी करने को घर से फरार किशोर व किशोरी को पुलिस ने नैनबाग से पकडा

विकासनगर। साहिया क्षेत्र से शादी रचाने के लिए फरार किशोर और किशोरी को राजस्व पुलिस ने नैनबाग क्षेत्र से पकड़ लिया। बाल विकास अधिकारी कालसी के द्वारा काउंसिलिंग कराने के बाद किशोरी को परिजनों को सौंप दिया गया जबकि किशोर के खिलाफ राजस्व पुलिस ने दुराचार, पॉक्सो ऐक्ट, अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है। आरोपी को राजस्व पुलिस ने बाल न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। सात मई को साहिया क्षेत्र के एक गांव से सोलह वर्षीय एक किशोरी व किशोर घर से शादी करने के लिए भाग गये थे। किशोरी के परिजनों की तहरीर मिलने पर पुलिस ने किशोर के खिलाफ अपहरण सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। जिसके बाद राजस्व पुलिस की टीम ने दोनों की तलाश शुरू की। सोमवार रात को राजस्व पुलिस ने किशोर व किशोरी को नैनबाग क्षेत्र से बरामद कर लिया। इसके बाद किशोरी का मेडिकल व बयान दर्ज किया गया, लेकिन किशोर व किशोरी एक दूसरे से शादी करने पर अड़े रहे। जिसके बाद तहसील कालसी में बाल विकास अधिकारी अंजू बडोला ने किशोर व किशोरी की काउंसिलिंग कराई। बाल विकास अधिकारी ने बताया कि किशोरी को अपने संरक्षण में लेकर उसके परिजनों को सौंप दिया। किशोरी को शिक्षित करने के साथ ही प्रत्येक माह किशोरी के घर जाकर उसकी काउंसिलिंग करेंगी व सप्ताह में एक दिन फोन पर किशोरी व परिजनों से बातचीत की जायेगी।


# छरबा में दो अवैध धार्मिक स्थलों को किया ध्वस्त

विकासनगर। पछुवादून क्षेत्र में अवैध तरीके से बनाए गए धार्मिक स्थलों को लेकर वन विभाग और तहसील प्रशासन सख्त हो गया है। तहसील प्रशासन ने राजस्व विभाग की जमीन पर 25 अवैध धार्मिक स्थलों को चिह्नित किया है, जिनका ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को प्रशासन की जेसीबी ने छरबा गांव में बने दो अवैध धार्मिक स्थलों को ढहा दिया। दोनों ही स्थलों का ध्वस्त करने के साथ ही ग्रामीणों को राजस्व विभाग, ग्राम समाज की जमीन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। चेताया गया कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह के धार्मिक स्थल का निर्माण किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सरकारी जमीनों पर बने अवैध धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसी आदेश के तहत वन विभाग और राजस्व विभाग कार्रवाई कर रहे हैं। वन विभाग भी अभी तक दो दर्जन से अधिक अवैध धार्मिक स्थलों को ध्वस्त कर चुका है। तीनों निकाय प्रशासन को भी अपने क्षेत्र में बने अवैध धार्मिक स्थलों को चिह्नित करने के निर्देश दिए गए हैं। ध्वस्तीकरण के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पछुवादून अवैध तौर पर बने सभी धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया जाएगा।

## जाखपंत की दो छात्राओं का हिम ज्योति आवासीय स्कूल में चयन

पिथौरागढ़। जाखपंत प्राथमिक विद्यालय की दो छात्राओं का चयन देहरादून के हिम ज्योति आवासीय स्कूल के लिए हुआ है। इससे विद्यालय में खुशी की लहर है।मंगलवार को प्रधानाध्यापिका पुष्पा पंत ने बताया बीते फरवरी माह प्रवेश के परीक्षा हुई थी। जिसमें विद्यालय की आस्था पंत और खुशी चंद ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बीते माह दोनों का साक्षात्कार हुआ। सोमवार को परिणाम जारी हुआ है। जिसमें दोनों को सफलता मिली है। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापिका को दिया है। अभिभावकों ने बताया प्रधानाध्यापिका के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र–छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# चौथे दिन भी पिंजरे में कैद नही हुआ गुलदार



विकासनगर। महमूदनगर शंकरपुर गांव में चार वर्षीय मासूम एहसान को निवाला बनाने वाला गुलदार चौथे दिन भी वन विभाग के हाथ नहीं आया। वन विभाग की टीम मंगलवार को भी लगातार गश्त करती रही। लेकिन गुलदार कहीं टीम को नजर नहीं आया। वहीं गुलदार को आदमखोर घोषित करने के लिए वन विभाग को वाइल्ड लाइफ वाल्डन की अनुमति का इंतजार है। शनिवार की शाम साढे सात बजे महमूदनगर में गुलदार ने चार वर्षीय एहसान को आंगन से उठाकर उसे निवाला बनाया। तब से लेकर शंकरपुर व उसके आसपास के गांवो, रामपुर,छोटा रामपुर, सहसपुर, छरबा तक के गांवों मे गुलदार की दहशत बनी है। लगातार लोग गुलदार को मारने की मांग कर रहे हैं। वहीं गुलदार की दहशत के मारे गांवों में सूर्यास्त होते ही लोग अपने बच्चों के साथ घरों के अंदर कैद हो जा रहे हैं। लोंगों में भय बना हुआ है कि कहीीं गुलदार आकर उनके बच्चों व उनपर हमला न बोल दें, जिसके चलते शाम होते ही गांव के मुख्य मार्ग से लेकर गली मोहल्लों की सड़कें सुनसान पड़ी हैं। उधर वन विभाग की चार टीमें दिनरात क्षेत्र में गुलदार को लेकर गश्त कर रही हैं, लेकिन गुलदार घटना के चार दिन बाद पिंजरे में कैद होना तो दूर रहा है कहीं क्षेत्र में नजर नहीं आ रहा है। गुलदार लापता हो गया है। जिससे वन विभाग भी संहमा हुआ है कि कहीं क्षेत्र में भूमिगत हुआ गुलदार अचानक किसी पर घात लगाकर हमला न बोल दे। गुलदार के पिंजरे में कैद न हेने के चलते वन विभाग अब गुलदार को मारने की योजना बना रहा है। वन विभाग ने वाइल्ड लाइफ वार्डन को गुलदार को आदमखोर घोषित करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। जिसकी अनुमति का अब बेसब्री से वन विभाग इंतजार कर रहा है। रेंज अधिकारी चोहडपुर रेंज मुकेश कुमार का कहना है कि एक दो दिन के भीतर वाइल्ड लाइफ वार्डन से अनुमति मिलने की उम्मीद है।

# एम्स ऋषिकेश में गुर्दा प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू



ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में मरीजों को अब किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा भी मिल सकेगी। केन्द्र से किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के संचालन को मंजूरी मिलने के बाद एम्स ऋषिकेश में गुर्दा प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू कर दी गयी है। बीते दिनों नैनीताल के एक 27 वर्षीय मरीज की किडनी प्रत्यारोपित कर उसे नया जीवन दिया गया है। यह इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी खर्च पर किया गया। एम्स ऋषिकेश उत्तराखंड का पहला सरकारी अस्पताल है, जहां यह सुविधा शुरू हुई है। एम्स ऋषिकेश के यूरोलाजी, नेफ्रोलाजी और ऐनेस्थीसिया विभाग की संयुक्त टीम ने प्रत्यारोपण प्रक्रिया में सफलता हासिल की है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 27 वर्षीय मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट कर उसे नया जीवन दिया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि भविष्य में लीवर ट्रांसप्लांट सहित अन्य बीमारियों से सम्बन्धित आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू की जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल ने ट्रांसप्लांट करने वाली टीम की प्रशंसा की। गुर्दा प्रत्यारोपण करने वाली टीम के सदस्य डॉ. अंकुर मित्तल ने बताया कि लगभग 3 घंटे तक चली प्रत्यारोपण प्रक्रिया के बाद मरीज के पिता की किडनी 27 वर्षीय युवक को लगाई गयी। ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को 19 अप्रैल से लगातार निगरानी में रखा गया था। मरीज अब पूर्ण तौर से स्वस्थ है और उसे शीघ्र ही अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

टीम में शामिल डॉ. गौरव शेखर ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। मरीज के पिता लक्ष्मण सिंह नेगी ने बताया कि उनके परिवार में चार लोग हैं। परिवार की सामूहिक राय के बाद उन्होंने बेटे की जिंदगी बचाने के लिए किडनी देने का निर्णय लिया।

# वाई–20 चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया

अल्मोड़ा। धौलादेवी ब्लॉक में स्थित गांधी इंटर कॉलेज में भारत को मिली ग्लोबल–20 की अध्यक्ष के तहत वाई–20 चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता प्रेम सिंह धामी प्रवक्ता भूगोल विभाग ने जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम में कमी स्थिरता को जीवन का एक तरीका बनाना विषय पर छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक राजन चंद्र जोशी ने कहा हम सब गौरवशाली है कि भारत को स्वाधीनता के 75 वर्षों बाद जी–20 की अध्यक्षता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रदेश सयोंजक नीरज पंत ने कहा कि आज पूरे देश में छोटे–छोटे स्थानों पर चौपाल के माध्यम से जी–20 के विषय में लोगों तक जागरूकता पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यहां वाई–20 चौपाल कार्यक्रम के प्रदेश सयोजक नीरज पंत, जिला मीडिया प्रभारी चंदन सिंह मेहता, युवामोर्चा अध्यक्ष दयाल पांडे, राकेश भट्ट, ग्राम प्रधान मेलकांडे प्रकाश पांडे, हेम पांडे आदि मौजूद रहे।

# महाराज ने उधमसिंह नगर को दी 35 करोड़ 38 लाख 38 हजार की सौगात

## कहा अब दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत चुनाव

जयन्त प्रतिनिधि। उधमसिंह नगर : प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने उधमसिंह नगर को 35 करोड़ 38 लाख 38 हजार की सौगात दी है। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को सुनते हुए जल्द उनके निराकर का भी आश्वासन दिया।

मंगलवार को विकासखण्ड मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सतपाल महाराज ने 35 करोड़ 38 लाख 38 हजार की धनराशि की अनेक विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के अलावा जनता की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन-समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने द्रोणासार सौन्दर्यकरण योजना व वित्तीय वर्ष 2022-2023 में सिंचाई तथा लोक निर्माण आदि विभागों द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत में भी अब दो से अधिक संतान वाले लोग चुनाव लड़ सकते हैं। इसके लिए सरकार ने कटऑफ डेट तय कर ली है। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई 2019 से पहले जिन लोगों की दो से अधिक सन्तान हैं वे भी अब पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं। कहा कि मेयर की तरह ही ब्लॉक प्रमुख तथा जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कराने का अधिकार राज्यों को देने की मांग केन्द्र से की गई है। जिससे राज्य में ब्लॉक प्रमुख तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव भी प्रत्यक्ष रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि त्रि-स्तरीय पंचायतों के सशक्तिकरण हेतु 242 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। सड़कों को गड्डा मुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग एक एप बना रहा है, जिसमें कोई भी व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से देशान्तरीय स्थिति के साथ गड्डे की फोटो अपलोड कर सकता है जोकि सीधे लोनिवि को प्राप्त होगी और लोक निर्माण विभाग उस शिकायत पर कार्यवाही करते हुए गड्डा मुक्त करके फोटो अपलोड करेगा, जोकि शिकायतकर्ता को भी प्राप्त होगी। इस दौरान प्रमुख समस्याओं में ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल ने पंचायतीराज विभाग स्वीकृत कॉमन सर्विस सेंटरों के लिए पंचायतों में भवन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर महाराज ने मामले का संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। निशा चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण की मांग की, जिस पर मंत्री ने उप जिलाधिकारी को पीएम आवास योजना में पात्रता चयन की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराने तथा सर्वे के आधार पर प्राथमिकता से शामिल करने के निर्देश दिये। राकेश ने महेशपुरा में एनएच के पास नलकूप को दोबारा शुरू कराने की मांग की, जिस पर महाराज ने नलकूप विभाग के अधिकारियों को नलकूप चालू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

मिस्सरवाला के ग्राम प्रधान तसलीम अहमद ने शमशान घाट, नाले, तालाब आदि सरकारी सम्पत्तियों को कब्जामुक्त कराने की मांग की, जिस पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण वाले स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है तथा चिन्हित स्थानों से अतिक्रमण हटाने हेतु कार्य योजना भी तैयार की गई, जिसकी समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा स्वयं की जा रही है और शीघ्र ही अवैध कब्जों को हटाया जायेगा। सरफराज चौधरी ने बैलजुड़ी में ग्राम पंचायत की जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की, जिस पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि गांव चकबन्दी के अधीन है, कार्यवाही जल्दी की जायेगी।

जिला पंचायत सदस्य हरदेव सिंह ने विधानसभा क्षेत्र काशीपुर तथा बाजपुर को जोड़ने वाली सड़क का डामरीकरण करने की मांग की। महाराज ने कहा कि स्थानीय विधायक के साथ रोड का निरीक्षण किया गया है और विधायक की आख्यानुसार शीघ्र ही रोड निर्माण हेतु कार्यवाही की जायेगी।

## इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण/शिलान्यास



मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के अंतर्गत कैलाश नदी के बायें पार्श्व में स्थित ग्राम डोहरा एवं सलमती को बाढ़ से बचाने हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य का कुल 482.09 लाख की लागत से शिलान्यास, विधान सभा बाजपुर विकासखण्ड में लेवड़ा नदी के दोनों किनारों पर बाढ़ सुरक्षा निर्माण की योजना का कुल 837.90 लाख की लागत से लोकार्पण, काशीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरमासा में पंचायत भवन का कुल 13 लाख की लागत से लोकार्पण, काशीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतपुर घौसी में पंचायत भवन का कुल 13 लाख की लागत से लोकार्पण, काशीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवलालपुर डल्लू में पंचायत भवन का कुल 13 लाख की लागत से लोकार्पण, जसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जगतपुर पट्टी में पंचायत भवन का कुल 13 लाख की लागत से लोकार्पण, जसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर में पंचायत भवन का कुल 13 लाख की लागत से लोकार्पण, जसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगापुर रक्का में पंचायत भवन का कुल 13 की लागत से लोकार्पण, जसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत श्यामनगर में पंचायत भवन का कुल 13 की लागत लोकार्पण, जसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरियावाला में पंचायत भवन का कुल 13 की लागत लोकार्पण, जसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैलजूड़ी में पंचायत भवन का कुल 13 की लागत लोकार्पण, जसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसई इस्लामनगर में पंचायत भवन का कुल 13 की लागत लोकार्पण, जनपद ऊधमसिंहनगर में ब्लॉक सरोवरनगर में पंचायत लर्निंग सेन्टर निर्माण कार्य का कुल 20 लाख की लागत से लोकार्पण, कार्यालय भवन पर सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना कार्य का कुल 12 लाख की लागत से लोकार्पण, रुद्रपुर के एन0एच0 74 से धोलपुर, खानपुर में डामरीकरण, सीसी मार्ग निर्माण कार्य का कुल 58 लाख की लागत से लोकार्पण, काशीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवलालपुर में पंचायत भवन का कुल 13 लाख की लागत से लोकार्पण, काशीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमस में पंचायत भवन का कुल 12.50 लाख की लागत से लोकार्पण, काशीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ीइन्द्रजीत में पंचायत भवन का कुल 13 लाख की लागत से लोकार्पण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अर्न्तगत जनपद में कलस्टर जैतपुर घोसी में सामूहिक सिंचाई योजना का निर्माण कार्य का लम्बाई 3.5 किमी. का 98.82 की लाख लागत से शिलान्यास, जनपद के ब्लॉक आनन्द खेड़ा में पंचायत लर्निंग सेन्टर निर्माण कार्य का कुल 20 लाख की लागत से लोकार्पण, लघु सिंचाई प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के अन्तर्गत जनपद उधमसिंह नगर में कलस्टर कुण्डेश्वरी में सामूहिक सिचाई योजना का निर्माण कार्य का लम्बाई 3.65/मी. कुल लागत 98.46 लाख शिलान्यास, मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता के कैथुलिया हाट बाजार से सरौंजा जंगल की ओर मार्ग का नव निर्माण डामरीकरण का कार्य का कुल 60.20 लाख की लागत से शिलान्यास, मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत ग्राम टुकड़ी में टावर से त्रिलोक सिंह के घर की ओर मार्ग का डामरीकरण का कार्य/नव निर्माण कार्य का कुल 91.15 लाख की लागत से शिलान्यास, मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत साधूनगर से लामाखेड़ा मन्दिर की ओर मार्ग का डामरीकरण का कुल 128.11 लाख की लागत से नव निर्माण कार्य, राज्य योजनान्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत शक्तिफार्म तीनपानी से तारकनाथ मन्दिर की ओर मुख्य मार्ग तक मार्ग का पुनः निर्माण कार्य का 69.12 लाख की लागत से शिलान्यास, राज्य योजनान्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत राज्य मार्ग झाल वाली पुलिया से बाजार की ओर सीसी मार्ग का टाईल द्वारा निर्माण कार्य का कुल 57.38 लाख की लागत से शिलान्यास, राज्य योजनान्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत शक्तिफार्म के ग्राम अरविन्द नगर में नहर पगदण्डी होते हुए अभिमन्यू कृतुनिया के घर की ओर मार्ग का पुनः निर्माण कार्य का कुल 85.72 लाख की लागत से शिलान्यास, राज्य योजनान्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत ग्राम देवनगर में नहर पुलिया से मल्होत्रा फार्म होते हुए दोदा मोड़ की ओर मार्ग का पुनः निर्माण कार्य का कुल 55.20 लाख की लाख से शिलान्यास, राज्य योजनान्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत अरविन्द नगर मुख्य मार्ग से रतनफार्म नं0 9 तक मार्ग का पुनः निर्माण कार्य का कुल 50.61 लाख की लागत से शिलान्यास, राज्य योजनान्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के अन्तर्गत ग्राम शहदोरा से मनमोहन फार्म होते हुए गउघाट तक मार्ग का पुनः निर्माण कार्य का 73.61 लाख की लागत से शिलान्यास, लोक निर्माण विभाग में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के विधानसभा क्षेत्र बाजपुर के अंतर्गत जैतपुर धनौरी मार्ग के किमी0 10 व 11 में कंक्रीट पेवमेन्ट द्वारा पुनः निर्माण कार्य का कुल 518.26 लाख की लागत से शिलान्यास, मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में मुकन्दपुर पैगा ढकिया गुलाबों मार्ग (राज्य मार्ग सं0 105) का पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य।

## पीएम पोषण योजना के स्कूलों से 5 खाद्य सैंपल लिये

नई टिहरी। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने पीएम पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन व्यवस्था वाले 5 विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी स्कूलों से एक—एक खाद्य पदार्थ के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे। निरीक्षण में पाई गई खामियों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार कार्मिकों को निर्देश भी मौके पर दिये गए। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने बताया कि विभागीय टीम ने स्वामी रामतीर्थ विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल बौराड़ी, जीजीआईसी बौराड़ी, प्रताप इंटर कालेज बौराड़ी, प्राथमिक विद्यालय बौराड़ी व जीआईसी ढुंगीधार का निरीक्षण पीएम पोषण योजना के प्रभारी बीरेंद्र सिंह राणा से किया। सभी स्कूलों से पांच खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लैब भेजे गये। जांच नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। नमूनों में एक चावल, एक दूध व तीन अलग—अलग दालों के सैंपल लिए गये। निरीक्षण के दौरान कार्मिकों को खाद्य संरक्षा अधिनियम की जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा भी मौजूद रही।

## चकराता में ओलावृष्टि से दुधारू गाय की मौत

विकासनगर। तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टि से ग्रामीणों को भारी नुकसान हो रहा है। अभी तक खेतों में खड़ी फसलों को ही नुकसान हो रहा था, लेकिन उन्हें पशुओं की हानि भी हो रही है। समोग गांव में हुई ओलावृष्टि से एक पशुपालक की दुधारू गाय की मौत हो गई। पीड़ति पशुपालक ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। समोग निवासी सुंदर सिंह ने तहसीलदार चकराता को ज्ञापन सौंप कर बताया कि वह हर रोज की तरह अपने पशुओं को जंगल में चुगाने के लिए ले गया था। इसी दौरान अचानक तेज आंधी, तूफान चलने के साथ जोरदार ओले गिरने लगे। ओलावृष्टि थमने पर वह अपने सारे पशुओं को इकट्ठा करने गया तो देखा कि उसकी एक दुधारू गाय की मृत्यु हो चुकी थी, जो उसकी अच्छी नस्ल की दुधारू

पीड़ति ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## 15मई को भिलंगना ब्लॉक, 16मई को गोदाधार अखोड़ी, 17 मई को धमातोली हिंदाव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नई टिहरी। हंस फाउंडेशन की ओर से आगामी 15 मई सोमवार को भिलंगना ब्लॉक के घुत्तु कस्बे स्थित जीएमवीएन गेस्ट हाउस,16 मई मंगलवार को गोदाधार अखोड़ी तथा 17 मई बुधवार को धमातोली हिंदाव में निशुल्क आंख, नाक, कान, गला, स्त्री रोग, दंत रोग आदि के मरीजों के स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। बताया गंभीर मरीजों को उपचार हेतु सतपुली अस्पताल ले जाया जाएगा, जहां उनका निशुल्क उपचार किया जाएगा। यह जानकारी फाउंडेशन से जुड़े केदार बर्त्वाल ने दी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से शिविर में लाभ उठाने को कहा है।

# डोबरा बाजार को किया जायेगा विकसित—विधायक नेगी

नई नई टिहरी। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी 91.37 लाख की लागत से बनने वाली पलास—डोबरा पेयजल योजना का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि इस योजना का लाभ आने वाले समय में डोबरा बाजार को मिलेगा। डोबरा बाजार के पर्यटकों के लिए बढ़ते महत्व को देखते हुए इसे विकसित किया जाना चाहिए। जिसे लिए प्रयास तेज किए जायेंगे। 91.37 लाख की लागत से डोबरा बाजार के लिए बनने वाली पेयजल योजना के भूमि पूजन पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की। उत्तराखंड पेयजल निगम ने जल जीवन मिशन के तहत इस योजना को बनाने का काम किया है। विधायक नेगी ने डोबरा बाजार को सुनियोजित ढंग से विस्तारित करने की बात कहते हुए कहा कि यहां पर पेट्रोल पंप, बैंक डाकघर, अस्पताल, एटीएम सहित होटलों व रेस्टोरेंट जैसी व्यवस्थाओं की जरूरत है। बस स्टैंड के यहां पर निर्माण के लिए भी कार्यवाही की जायेगी। कहा कि पर्यटन की नजरिये से डोबरा के विकास की अपार संभावनायें हैं। आने वाले समय में यह पर्यटक डेस्टिनेशन होगा। यहां पर युवाओं के रोजगार के साधन भी विकसित होंगे। इस अवसर पर एई राजवीर सिंह राणा पेयजल निगम, नरेंद्र राणा, प्रधान सुमेर सिंह राणा, दीपक दास, हरिओम भट्ट, सुंदर लाल थपलियाल, कृपाल सिंह तड़ियाल, सत्ते सिंह राणा, वीरेंद्र भट्ट, सुनील भट्ट, शैलेंद्र, सोबन, विनोद राणा, खुशी राम थपलियाल, शिव प्रसाद रतूड़ी, चत्तर सिंह चौहान, प्रताप सिंह, सौरभ आदि मौजूद रहे।

## संस्कृत महाविद्यालय मंडल में आचार्य स्नातकोत्तर तक निशुल्क शिक्षा के प्रवेश शुरू

चमोली। बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा संचालित 1008 स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाविद्यालय मंडल में कक्षा 6 प्रथमा खंड से लेकर आचार्य द्वितीय खंड स्नातकोत्तर की कक्षाओं में निशुल्क शिक्षा के लिए प्रवेश आरंभ हो गए हैं। संस्कृत महाविद्यालय मंडल(गोपेश्वर) के प्रधानाचार्य डॉ जनार्दन प्रसाद नौटियाल ने बताया महाविद्यालय मंडल में प्रथमा कक्षा 6 से आचार्य ( स्नातकोत्तर ) की निशुल्क शिक्षा के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। संस्कृत महाविद्यालय मंडल में विद्यार्थियों को न सिर्फ गुणवत्ता पूर्वक निशुल्क शिक्षा दी जायेगी।

# पीआरडी जवानों की विभाग के खिलाफ नारेबाजी

उत्तरकाशी। जिला युवा कल्याण एवं प्रारद विभाग एक बार फिर से पीआरडी जवानों की नियुक्ति को लेकर सवालों के घेरे में है।

विकासखंड पुरोला के प्रशिक्षित पीआरडी जवानों ने यात्राकाल में अप्रशिक्षित जवानों की नियुक्ति पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रशिक्षितों ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर चहेतों को नियुक्ति देने का आरोप लगाते हुए नियमानुसार नियुक्ति की मांग रखी। मंगलवार को पुरोला क्षेत्र के प्रशिक्षित पीआरडी जवानों ने तहसील परिसर में एकत्रित होकर युवा कल्याण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रभारी तहसीलदार रविन्द्र सिंह असवाल के माध्यम से डीएम को ज्ञापन प्रेषित कर आरोप लगाया कि युवा कल्याण विभाग की ओर से कुछ दिन पूर्व यात्राकाल में पीआरडी के माध्यम से जवानों की नियुक्तियां की गई, जिसमें नियमों को ताक पर रख कर अपने चहेते अप्रशिक्षित लोगों को नियुक्तियां दी गयी, जो सरासर बेरोजगार प्रशिक्षित जवानों के साथ अन्याय है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी

Phone/fax no- 01368-222512 Email -eepdpwdpauri@gmail.com

पत्रांक- 927/35AC दिनांक- 09/05/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दिनांक 25/05/2023 को अपराहन 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 11/05/2023 से दिनांक 24/05/2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 25/05/2023 अपराहन 2:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है। 1. कार्यालय का नाम :- अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी 2. कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी 3. कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी 4. कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के अन्तर्गत विकास खण्ड कोट में सुरपर डांडानागराजा मोटर मार्ग से पुरमिसी होते हुए अम्बेडकर ग्राम भूतनिसी तक मोटर मार्ग का निर्माण निर्माण कार्य (द्वितीय चरण स्टेज-I) के अन्तर्गत पहाड़ कटान का कार्य। कि0मी0 1 चै0 0.000-0.500 | 24000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर, |
| 2 | --तदैव---- कि0मी0 1 चै0 0.500-1.000 | 30000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 3 | --तदैव---- कि0मी0 2 चै0 1.000-1.500 | 26000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 4 | --तदैव---- कि0मी0 2 चै0 1.500-2.000 | 36000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 5 | --तदैव---- कि0मी0 3 चै0 2.000-2.500 | 39000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 6 | --तदैव---- कि0मी0 3 चै0 2.500-3.000 | 26000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 7 | --तदैव---- कि0मी0 4 चै0 3.000-3.500 | 38000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 8 | --तदैव---- कि0मी0 4 चै0 3.500-4.000 | 28000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 9 | --तदैव---- कि0मी0 5 चै0 4.000-4.500 | 30000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 10 | --तदैव---- कि0मी0 5 चै0 4.500-5.000 | 26000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 11 | राज्य योजना के अन्तर्गत पौड़ी ल्वाली मोटर मार्ग से ग्राम ननकोट सम्पर्क मार्ग के कि0मी0 3 (चै0 2.500-3.000) में अवशेष पहाड़ कटान एवं दीवारों का निर्माण कार्य। | 24000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |

निविदायें दिनांक 25/05/2023 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

**शर्तें**

1. धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/टी0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस की एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के पदनाम से बन्धक हो को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेंन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित जमा करना आवश्यक होगा। (वैधता हेतु)
3. उपरोक्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
4. निविदा के साथ ठेकेदार को विभाग में पंजीकरण की प्रति भी संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

(इं0 डी0सी0 नौटियाल)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी

(1012/61)

सम्पादकीय

# कर्नाटक का महासंग्राम

राज्यों की सत्ता की दौड़ का एक और परिणाम कर्नाटक में पूरा होने जा रहा है। अपनी तमाम राजनीतिक ताकत झोंकने वाली भाजपा और कांग्रेस के भाग्य का फैसला अब एक बटन की "बीप" पर निर्भर है। कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटों के लिए यहां के मतदाता अपने विधायकों का चुनाव करेंगे। कर्नाटक की लड़ाई पर पूरे देश की नजर है क्योंकि आने वाले लोकसभा चुनाव के रुझान की एक झलक भी राज्य के विधानसभा चुनाव के परिणाम प्रदर्शित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के लिए कर्नाटक कितना महत्वपूर्ण है यह प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के ताबड़तोड़ चुनावी कार्यक्रमों को देखकर ही अनुमान लगाया जा सकता है। हालांकि शुरुआती दौर में जो रुझान सामने आ रहे थे वह कर्नाटक की कुर्सी पर कांग्रेस को बढ़ता हुआ दिखा लेकिन इधर ना जाने कांग्रेस के "थिंक टैंक" के अंदर से ऐसी क्या आवाज आई और उन्होंने एक विवादित बिंदु अपने घोषणा पत्र में डाला जिसमें चुनाव जीतने की स्थिति में कर्नाटक में बजरंग दल को प्रतिबंधित करने की बात कही। कांग्रेस का ऐसा करना और भाजपा को बैठे–बिठाए एक मुद्दा देना कांग्रेस के नेताओं की भारी भूल कहीं जा सकती है। हालांकि तत्काल कांग्रेस के नेताओं ने ऐसे किसी भी वादे का अनुसरण ना करने की बात करते हुए स्थिति को संभालने का प्रयास किया लेकिन तब तक शायद बहुत देर हो चुकी थी। कर्नाटक की पूरी राजनीति अब बुनियादी मुद्दों से भटक कर बजरंगबली पर आकर केंद्रित हो चुकी थी। यहां तक की अपनी रैलियों में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोटरों से "जय बजरंगबली" का नारा लगाकर वोट देने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक में दक्षिण भारत में अपने इकलौते दुर्ग को बचाने की चुनौती है। राज्यों के पिछले चुनावों की तरह ही इस बार भी कांग्रेस के लिए संघर्ष नजर आ रहा है और यह कहना गलत नहीं होगा कि विवादित बयानबाजी कर कांग्रेस ने कर्नाटक में खुद अपनी मजबूत स्थिति को कमजोर करने का काम किया है। अधिक संभावना फिलहाल यही नजर आ रही है कि राज्य में मिली–जुली विधानसभा देखने को मिल सकती है और इन परिस्थितियों में क्षेत्रीय दलों की सीटें निश्चित तौर पर "मुखिया" बनाने की भूमिका निभाएगी। कर्नाटक का चुनाव परिणाम यह भी सुनिश्चित करेगा कि आने वाले दिनों में देश की राजनीति में जनहित से जुड़े बुनियादी मुद्दे अधिक प्रभावी साबित होंगे या धार्मिक भावनाओं पर देश की राजनीति आगे बढ़ेगी!

# लोकहित ही पत्रकारिता का नारदीय सूत्र!

**नारद जयंती विशेष**

**जयराम शुक्ल**

मनुष्य चाहे दुर्जन हो या सज्जन, सत्य हमेशा उसकी आँखों में भटकटैया की भाँति गड़ता है। स्तुति देवताओं को भी पसंद थी और दानवों को भी। यहां नेता भी स्तुतिजीवी है और खलनेता भी। इसलिए वहां देवर्षि नारद देव–दानवों को खटकते थे और यहां पत्रकार किसी को नहीं सुहाता। वैसे भी पत्रकार देवर्षि नारद के ही वंशज समझे जाते हैं।

पंडित जुगुलकिशोर शुक्ल ने कोलकाता(तब कलकत्ता) से हिंदी का पहला अखबार 'उदन्त मार्तण्ड' समाचार पत्र निकलने की सोची तब उन्हें देवर्षि नारद ही ध्यान आए। वह 30 मई 1826 का दिन था और तिथि थी वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया, यही तिथि नारद जयंती की है।

देवर्षि नारद सृष्टि के प्रथम लोक संचारक हैं। वेद–पुराण, श्रुति–स्मृति ग्रंथ की कहानियां, दृष्टांत और उसके संदर्भ बिना नारदजी के संवादों, कथोपकथनों के बिना अधूरे हैं। नारद त्रैलोक्यजयी हैं, कहीं किसी की कभी हिम्मत नहीं पड़ी कि इनका रास्ता रोक लें।

नारदजी सर्वगुण संपन्न थे। भक्तियोग, वेदांत सूत्र के संपादक तो थे ही भाषा, विज्ञान, ज्योतिष, संगीत, व्याकरण और सबसे बड़ा संचार कौशल का गुण था। यह उनके संचार कौशल का ही परिणाम था कि कंस को अपने भांजे–भांजियों का वध करने के लिए समझा आए। हिरण्यकशिपु के अहंकार को जगाकर उसे विष्णु भक्त पुत्र प्रहलाद का ही दुश्मन बना दिया। लोक ने नारद के इस कृत्य को अच्छे से नहीं लिया जबकि वस्तुतः उनका यह प्रयोजन व्यापक लोककल्याण के लिए ही था। उनका लक्ष्य था ऐनकेनप्रकारेण आसुरी शक्तियों का विनाश।

नारदजी को लोक में उल्टा–पुल्टा रचने के लिए जाना जाता है। इसे हम आज की पत्रकारिता का नवाचार भी कह सकते हैं। वे त्रिकालदर्शी थे किसी के भीतर की झांक लेते थे। दस्युवृत्ति कर रहे वाल्मीकि के भीतर उन्होंने आदिकवि का रूप देखा। उनके ऋषित्व को बाहर ला दिया। वाल्मीकि को नारद ने ही प्रथमतः रामकथा सुनाई और इसे छंदबद्ध करने की सलाह दी। महर्षि वाल्मीकि रामकथा की वजह से अमर हो गए। उनमें ईश्वरीय अंश देखा जाने लगा। इसी तरह वेदव्यास को श्रीमद्भागवत कथा लिखने के लिए प्रेरित किया।

महर्षि वेदव्यास ने जब महाभारत लिखकर निवृत्त हुए तो उसको लेकर जो प्रतिक्रियाएं आईं उससे वे बहुत आहत हुए। महाभारत ने कृष्ण के ईश्वरत्व का राजनीतिकरण कर दिया इसलिए लोकमानस में कृष्ण की भगवान के रूप में छवि मलिन होने लगी। व्यास जी के इस अंतरद्वंद से देवर्षि नारद ने ही निकाला।

उन्होंने भक्ति के सूत्र देते हुए व्यास जी को प्रेरित किया कि वे अब श्रीमद्भागवत पुराण लिखें।

जहां महाभारत को पूजाघर,क्या घर के पुस्तकालय में ही जगह मिलनी मुश्किल हो गई वहीं श्रीमद्भागवत को ही दैवीय दृष्टि से पूजा जाने लगा। इस तरह रामायण और श्रीमद्भागवत जैसे मोक्षदायी ग्रंथों के पीछे देवर्षि की ही प्रेरणा है। महाभारत को आज भी लोकमानस में एक कलहकारी ग्रंथ माना जाता है और वह पूजा–पाठ का हिस्सा नहीं बन पाया। जबकि श्रीमद्भगवद्गीता, विष्णुसहस्त्रनाम, भीष्म व विदुर का नीति शास्त्र व और बहुत से पवित्र प्रसंग महाभारत के ही हिस्से है।

लोकसंचार का विशेषज्ञ यह जानता है कि क्या पठनीय है और क्या श्रवणीय। नारदजी की इसी विशेषज्ञता के चलते न जाने कितने ऋषि मुनियों का कल्याण हुआ। नारदजी बिना लाग लपेट सीधे मुद्दे पर विमर्श करते थे।

पत्रकारिता के गुणधर्म क्या हैं ? शिक्षित, सूचित करना, लोकरंजन और ज्ञानरंजन करना। समाज और व्यवस्था को बिना डरे, बिना रुके, बिना झुके यथार्थ का दर्पण दिखाना। व्यापक लोकहित में कटु से कटु बात भी शासक के समक्ष कौशल के साथ प्रस्तुत करना।

देवर्षि नारद ने संवादों में समावेशी सत्य और विश्वसनीयता की प्राणप्रतिष्ठा की। सत्य और उसकी विश्वसनीयता ही पत्रकार और पत्रकारिता की प्रथम और अंतिम निधि है। जिस दिन यह हाथ से गई समझिए मु्ी से सिर्फ राख ही झड़ेगी।

देवर्षि नारद ब्रह्मा के पुत्र थे और भगवान विष्णु के परमभक्त। खड़ताल की धुन पर उनकी वीणा से सदैव ..श्रीमन्नारायण. श्रीमन्नारायण हरि..हरि की ध्वनि निकलती थी। यही शब्दरसायन हनुमानजी के पास था। हनुमानजी भी नारद की ही परंपरा के लोक संचारक थे।

सत्य का साथ और विश्वास का कवच हो तो प्रलय में भी बालबांका नहीं हो सकता। सत्यनिष्ठा का प्रतिफल ही था कि नारदजी पर कभी हमले नहीं हुए न देवों की ओर से न दानवों की ओर से। आज भी जो पत्रकारिता में जो सत्यनिष्ठ विश्वसनीयता के साथ अपना काम करता है तो उसका बालबांका नहीं होता। यह ठीक है कि उसे सत्ता के साकेत में जगह नहीं मिलती, पर उस साकेत का दरबार हमेशा सत्यनिष्ठों से भयाक्रांत रहता है।

एक बात और.. भक्तशिरोमणि, परमग्यानी, संवाद कुशल, संगीत साधक, और प्रजापति ब्रह्मा का पुत्र होने के बावजूद भी लोक ने नारदजी को पूज्यनीय स्थान नहीं दिया। पूजापाठ.. यज्ञ याग में नारदजी कहीं नहीं मिलते। न मंदिर में इनकी मूर्ति न इनकी स्तुति। जबकि ये देवताओं से भी एक बित्ता ऊपर देवर्षि हैं। और तो और कोई अपने पुत्र का नाम भी नारद रखने के बारे में नहीं सोचता। ऐसा क्यों..! ऐसा इसलिए कि सत्य सभी की आँखों में भटकटैया की तरह गड़ता है। इसी सत्यान्वेषण के चलते ऋषि कहोड़ ने अपने ही पुत्र को अंगभंगीय विद्रूपता का शाप दे दिया जो महान तथ्यान्वेषी दार्शनिक अष्टावक्र के नाम से जाने गए। ये विषयांतर नहीं..दृष्टांतर है।

यह भी कम दिलचस्प नहीं कि 2018 में मध्यप्रदेश में मुद्दतों बाद जब अल्पकाल के लिए कांग्रेस की सरकार आई। उसके एजेंडा में नारदजी ही सबसे ऊपर रहे। क्योंकि म्लेच्छ संस्कृति में पत्रकारिता में नारद की स्थापना क्षम्य नहीं। सो कांग्रेस सरकार आई तो सबसे पहले एक यही 'पुण्यकर्म' किया कि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय से नारदजी को निर्वासित करने का आदेश जारी किया।

पुस्तकालयों में जहां जहां भी नारदजी से संदर्भित पुस्तकें, तस्वीरें थी उनको हटवा दिया। सरकार बदलते ही सूत्र बदल जाते हैं। विश्वविद्यालय के नए उत्साही कुलपति का नजला पहले दिन नारदजी व माता सरस्वती पर गिरा। पहले विवि. के प्रवेशद्वार पर लिखे नारदजी के संचार सूत्रों को पुतवाया फिर प्रवेश किया। इस घटनाक्रम से हमने जाना कि सरकारों के बदल जाने से हमारे सरोकार भी बदल जाते हैं

पत्रकारिता की पढ़ाई में जनसंचार के उद्भव व विकास की थ्योरी में नारदजी का उल्लेख आता है। भरतमुनि समेत और भी कई ऋषि हैं जिन्होंने पौराणिक साहित्य रचा है उनका उल्लेख आता है।



**सत्य का साथ और विश्वास का कवच हो तो प्रलय में भी बालबांका नहीं हो सकता। सत्यनिष्ठा का प्रतिफल ही था कि नारदजी पर कभी हमले नहीं हुए न देवों की ओर से न दानवों की ओर से। आज भी जो पत्रकारिता में जो सत्यनिष्ठ विश्वसनीयता के साथ अपना काम करता है तो उसका बालबांका नहीं होता। यह ठीक है कि उसे सत्ता के साकेत में जगह नहीं मिलती, पर उस साकेत का दरबार हमेशा सत्यनिष्ठों से भयाक्रांत रहता है। एक बात और.. भक्तशिरोमणि, परमग्यानी, संवाद कुशल, संगीत साधक, और प्रजापति ब्रह्मा का पुत्र होने के बावजूद भी लोक ने नारदजी को पूज्यनीय स्थान नहीं दिया। पूजापाठ.. यज्ञ याग में नारदजी कहीं नहीं मिलते। न मंदिर में इनकी मूर्ति न इनकी स्तुति। जबकि ये देवताओं से भी एक बित्ता ऊपर देवर्षि हैं। और तो और कोई अपने पुत्र का नाम भी नारद रखने के बारे में नहीं सोचता। ऐसा क्यों..! ऐसा इसलिए कि सत्य सभी की आँखों में भटकटैया की तरह गड़ता है। इसी सत्यान्वेषण के चलते ऋषि कहोड़ ने अपने ही पुत्र को अंगभंगीय विद्रूपता का शाप दे दिया जो महान तथ्यान्वेषी दार्शनिक अष्टावक्र के नाम से जाने गए। ये विषयांतर नहीं..दृष्टांतर है। यह भी कम दिलचस्प नहीं कि 2018 में मध्यप्रदेश में मुद्दतों बाद जब अल्पकाल के लिए कांग्रेस की सरकार आई। उसके एजेंडा में नारदजी ही सबसे ऊपर रहे। क्योंकि म्लेच्छ संस्कृति में पत्रकारिता में नारद की स्थापना क्षम्य नहीं।**

जीवविज्ञान में जीव के उद्भव व विकास में भारतीय वैदिक अवधारणा के बारे पश्चिम के वैज्ञानिकों ने अपनी पुस्तकों में लिखा है। मुझे याद है एमएससी में दशावतार की थ्योरी पढ़ाई गई थी। अंडज, योनिज, भूमिज, जलज, स्वेदज यह जीव के विकास की वैदिक अवधारणा रही है।

यह थ्योरी कैंब्रिज, हार्वर्ड में पढ़ाई जाती है और मैचेसुएट के इंस्टीट्यूट में भी। जर्मनी में वेदविज्ञान एक संकाय ही है। वेदों पर मैक्समूलर ने जितना शोध किया, नए शोधार्थी उसे आगे बढ़ा रहे हैं।

पुस्तकालयों और दीवारों पर लिखे वेदवाक्यों को हटाने मिटाने से..ये देवी देवता नहीं हटे मिटेंगे। इससे बस हमारी वैचारिक दरिद्रता को सामने आती है।

बहरहाल आज जब हम देवर्षि नारद का स्मरण कर रहे हैं तो हमें यह भी स्मरण करना चाहिए कि जनसंचार का उपयोग व्यापक लोकहित में ही होना चाहिए। यश, सम्मान, प्रतिष्ठा, पुरस्कारों से हमारा वैसे ही छत्तीस का आँकड़ा होना चाहिए जैसे कि देवर्षि नारद का था।

# भटके विमर्श का नतीजा

इस सारे विवाद की जड़ में पहचान की राजनीति और उस सियासत से जुड़े फायदे हैं। लेकिन ऐसी राजनीति में विभिन्न समुदायों के बीच टकराव खड़ा होना लाजिमी होता है। मणिपुर में वैसा ही टकराव देखने को मिला है।मणिपुर की घटनाओं ने आखिरकार पूरे देश का ध्यान खींचा है। वैसे तो मणिपुर पूरे अप्रैल में सुलगता रहा, लेकिन राष्ट्रीय मीडिया ने उसकी खबर नहीं ली। जब बीते हफ्ते वहां हिंसा की आग भडक़ उठी, तब सबका ध्यान उस ओर गया। जबकि वहां जो हिंसा देखने को मिली है, उसकी जड़ तो मार्च में ही पड़ चुकी थी। राज्य के बहुसंख्यक मैतेयी और आदिवासी समुदाय के बीच तनाव की जड़ें पुरानी है। मार्च में हा ईकोर्ट के एक फैसले ने इस तनाव को और बढ़ा दिया। गैर–आदिवासी मैतेयी समुदाय की आबादी राज्य में करीब 53 फीसदी है। यह समुदाय लंबे अरसे से अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग कर रहा है। मैतेयी समुदाय की दलील है कि अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिलने के बाद वे लोग राज्य के पर्वतीय इलाकों में जमीन खरीद सकेंगे। फिलहाल वे लोग मैदानी इलाको में तो जमीन खरीद सकते हैं, लेकिन पर्वतीय इलाको में जमीन खरीदने का उनको अधिकार नहीं है। आदिवासी समुदाय उसकी इस मांग का विरोध करता रहा है।आदिवासी संगठनों का कहना है कि ऐसा होने पर मैतेयी समुदाय उसकी जमीन और संसाधनों पर कब्जा कर लेगा। आदिवासी संगठनों को चिंता है कि अगर मैतेयी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिल गया को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों से आदिवासियों को वंचित होना पड़ेगा।

# मोदी मैजिक की कर्नाटक में हो रही परीक्षा

**हरिशंकर व्यास**

जिस तरह से कर्नाटक का चुनाव कांग्रेस आलाकमान के लिए परीक्षा है वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी यह परीक्षा की तरह है। उनके जादू की परीक्षा हो रही है। यदि बीएस येदियुरप्पा के बगैर भाजपा कर्नाटक में जीती तो भाजपा के सभी पुराने प्रादेशिक क्षत्रपों का बोरिया बिस्तर बंधेगा। और अगर मोदी की इतनी मेहनत के बावजूद भाजपा नहीं जीती तो उसके दो नुकसान हैं। पहला तो यह कि दक्षिण भारत में भाजपा का प्रवेश द्वार बंद हो जाएगा। दूसरा यह कि भाजपा के प्रादेशिक क्षत्रपों को ताकत मिलेगी। भाजपा आलाकमान की उन पर निर्भरता बढ़ेगी। उन्हें किनारे करके मोदी के चेहरे पर चुनाव लडऩे का फैसला करने से पहले भाजपा को दस बार सोचना पड़ेगा।

सवाल है कि क्या नरेंद्र मोदी और भाजपा के चुनाव रणनीतिकारों को इसका अंदाजा नहीं है? प्रधानमंत्री मोदी ने काफी देर से कर्नाटक में चुनाव प्रचार शुरू किया। पहले कहा जा रहा था कि उनको चुनाव नतीजों का अंदाजा है इसलिए वे कम प्रचार करेंगे। लेकिन अब फिर उन्होंने अपने को झोंका है। वे अब तक एक दर्जन रैलियां कर चुके हैं और बेंगलुरू व मैसुरू जैसे बड़े शहरों में रोड शो किया है। शनिवार को वे फिर दो दिन के दौरे पर कर्नाटक पहुंचेंगे। तो बेंगलुरू में दो दिन में 36 किलोमीटर का रोड शो करेंगे। पहले यह रोड शो एक दिन में होना था लेकिन बेंगलुरू की ट्रैफिक समस्या और लोगों की परेशानियों का इतना हल्ला मचा कि पार्टी को इसे दो दिन में करना पड़ रहा है। इन दो दिनों में प्रधानमंत्री की कई चुनावी रैलियां भी होंगी।



उन्होंने अब तक के प्रचार में सारे दांव आजमाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के बयान के बाद उन्होंने अपने अपमान का मुद्दा बनाया। मोदी ने रैलियों में कहा कि कांग्रेस ने उनको 91 बार गालियां दी हैं। सारे नेताओं ने कहना शुरू किया कि मोदी पर जितना कीचड़ उछालोगे उतना कमल खिलेगा। इसके बाद उन्होंने अपने को शंकर भगवान के गले की शोभा बता कर वोट मांगा। बाद में जब कांग्रेस ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की तरह बजरंग दल पर भी पाबंदी लगाने का वादा किया तो प्रधानमंत्री मोदी ने जय बजरंग बली के नारे लगा कर वोट मांगा। इस तरह प्रधानमंत्री सारे दांव आजमा रहे हैं।

इसमें संदेह नहीं है कि भाजपा नहीं जीतेगी तो न मीडिया उसका ठीकरा प्रधानमंत्री मोदी पर फोड़ेगा और न भाजपा। सब यही कहेंगे कि जितनी भी सीटें मिली हैं वह मोदी मैजिक से मिली हैं। अगर उन्होंने इतना सघन प्रचार नहीं किया होता तो पार्टी इतनी सीटें भी नहीं जीत पाती। लेकिन इस प्रचार के बावजूद भाजपा के हारने का असर पार्टी की आगे की चुनाव रणनीति पर पड़ेगा। प्रादेशिक क्षत्रपों और बड़े जातीय समूहों को नेतृत्व करने वाले नेताओं को हाशिए पर डालने की योजना स्थगित करनी पड़ेगी। कट्टर हिंदुत्व के मुद्दों को लेकर भी पार्टी को नए सिरे से सोचना होगा।

**शनिवार को वे फिर दो दिन के दौरे पर कर्नाटक पहुंचेंगे। तो बेंगलुरू में दो दिन में 36 किलोमीटर का रोड शो करेंगे। पहले यह रोड शो एक दिन में होना था लेकिन बेंगलुरू की ट्रैफिक समस्या और लोगों की परेशानियों का इतना हल्ला मचा कि पार्टी को इसे दो दिन में करना पड़ रहा है। इन दो दिनों में प्रधानमंत्री की कई चुनावी रैलियां भी होंगी।उन्होंने अब तक के प्रचार में सारे दांव आजमाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के बयान के बाद उन्होंने अपने अपमान का मुद्दा बनाया। मोदी ने रैलियों में कहा कि कांग्रेस ने उनको 91 बार गालियां दी हैं। सारे नेताओं ने कहना शुरू किया कि मोदी पर जितना कीचड़ उछालोगे उतना कमल खिलेगा।**

# कहीं डायपर की सुविधा ना बन जाए बच्चों के लिए परेशानी, हो सकते हैं ये साइड इफेक्ट

आज के इस दौर में बच्चों को डायपर पहनाने का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है। नवजात बच्चे को शुरुआत से ही डायपर पहनाया जाने लगा हैं। जबकि पहले के समय में मां–बाप छोटे बच्चों को सूती कपड़े के घर पर बने नैपी पैड पहनाया करते थे। हालांकि इनको बार–बार बदलना पड़ता था। इसी परेशानी को देखते हुए आजकल डायपर की सुविधा को अपनाया जाता हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि डायपर की यह सुविधा बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अपनी मेहनत बचाने और आसान उपायों को ढूढऩे के चक्कर में आप अपने बच्चे के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह डायपर के साइड इफेक्ट बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइये जानते हैं...



**इंफेक्शन हो सकता है**

बच्चों की स्किन बड़ों की तुलना में काफी सेंसटिव होती है। ज्यादा लंबे समय तक डायपर के इस्तेमाल से इंफेक्शन होने की सम्भावना बनी रहती है। दरअसल, डायपर में कई तरह के कैमिक्लस होते हैं। साथ ही प्लास्टिक की एक तह भी होती है, जो गीलापन तो महसूस नहीं होने देती है लेकिन हवा पास न होने की वजह से ये इंफेक्शन की वजह बन सकती है।

**टॉक्सिटी का कारण बन सकता है**

डायपर केमिकल्स और सिंथेटिक चीजों से बनाए जाते हैं। शिशु को अधिक समय तक डायपर पहनाएं रखने से उन्हें नुकसान हो सकता है। कई लोग एक दिन में आठ से दस डायपर का इस्तेमाल करते हैं। खासकर रात को बार–बार उठने और बिस्तर गीला होने से बचने के लिए आप बच्चे को रातभर डायपर पहनाकर रखते हैं। इन कारणों से बच्चे की स्किन लंबे समय तक केमिकल्स के संपर्क में रहती है और इससे बच्चे के शरीर पर नुकसान हो सकता है। इससे शरीर में टॉक्सिटी बढ़ सकती है।

**बन सकता है मेल इनफर्टिलिटी का कारण**

वैज्ञानिक बताते हैं कि डायपर का लगातार इस्तेमाल मेल इन्फर्टिलिटी यहां तक कि वृषण कैंसर का भी कारण बन सकता है। अमेरिका के पीडियाट्रिक्स जर्नल के अनुसार, आमतौर पर डायपर को हर 2–3 घंटे में बदल देना चाहिए। बच्चे को डायपर में कई घंटों तक लगातार नहीं रहने दें। डायपर गीला महसूस हो, तो बदल दें। यदि बच्चे को पॉटी हो गई है, तो डायपर को तुरंत बदल देना चाहिए। नया डायपर पहनाने से पहले बच्चे को हर बार साफ करना चाहिए। स्टडी के अनुसार, बच्चों की समस्या तब और बढ़ जाती है जब जरूरत से कम बार बच्चे का डायपर बदला जाता है।

**एलर्जिक रिएक्शन**

डायपर बनाने वाली कुछ कंपनियां इसे बनाते समय सिंथेटिक फाइबर, डाइज और केमिकल प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। ये सभी हार्श केमिकल आपके बच्चे की नाजुक–कोमल त्वचा को नुकसान पहुचाकर उसे एलर्जी की समस्या दे सकते हैं। ऐसे में डायपर का चुनाव करते समय हमेशा सोफ्ट और स्किन फ्रेंडली मटेरियल से बने डायपर को चुनें।

**स्किन रैशेज**

लंबे समय तक गीले गंदे डायपर में रहने से डायपर में बैक्टीरिया पैदा होने लगते हैं जो त्वचा पर रैशेज और छाले पैदा कर सकते हैं। ऐसे में बच्चे को रैशेज से बचाने के लिए समय–समय पर बच्चे का डायपर बदलती रहें और उसकी साफ सफाई का भी ध्यान रखें।

**बच्चे को टॉयलेट ट्रेनिंग देने में परेशानी**

अपने बच्चे को हर समय डायपर पहनाए रखने से आपको उसे टॉयलेट ट्रेनिंग देने से परेशानी हो सकती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बच्चों को डायपर में पेशाब और पॉटी करने की आदत पड़ जाती है और पैरेंट के लिए भी यह सुविधाजनक होता है, हालांकि, बाद में जब आप अपने बच्चे को पॉटी कराने की कोशिश करती हैं, तो बच्चा रोता है, परेशान करता है। वैसे अच्छा यही होता है कि बच्चे को जल्दी ही टॉयलेट ट्रेनिंग देना शुरू कर दें।

# एड़ी में अचानक महसूस होने लगा तेज दर्द, कहीं आपको ये बड़ी परेशानी तो नहीं?

जो इंसान 35–40 की उम्र पार कर चुका है, उसकी हड्डियों में धीरे–धीरे कमजोर होने लगती हैं, जिसका असर उसके पैरों में भी महसूस होने लगता है. कई लोगों को अचानक एड़ी में दर्द उठ जाता है, जिसकी वजह से चलना–फिरना और डेली लाइफ की नॉर्मल एक्टिविटीज करना मुश्किल हो जाता है. ये एक ऐसा पेन है तो आमतौर पर बर्दाश्त के बाहर हो जाता है. आइए जानते हैं कि आखिर आपको ये प्रॉब्लम क्यों रही है.प्लांटर फेशिआइटिस टिश्यू का एक तरह का बैंड होता है जो पैर के आर्च को मूवमेंट में मदद करता है. इसके जरिए पैर की अंगुलियां और एड़ी जुड़ी होती है, साथ ही अगर पैर को झटका लगता है तो ये शॉक एब्जॉर्बर के तौर पर काम करता है. अगर बॉडी मूवमेंट के दौरान इस पर ज्यादा प्रेशर पड़ता है तो इसमें सूजन आने लगती है. अगर सिर्फ खड़े भी रहते हैं तब भी दर्द उठ सकता हैअकिलीज टेंडन हमारी बॉडी का एक अहम हिस्सा होता है जो काफ्स को हील बोन्स से कनेक्ट करता है. कई बार हेवी वॉकिंग और जॉगिंग के कारण अकिलीज टेंडन रप्चर जैसी स्थिति पैदा हो जाती है. अगर काफ की नैरो मसल्स में दर्द पैदा हो जाए तो एड़ी में भी पेन उठ सकता है।

# राष्ट्रीय मुद्दे कोई नहीं उठा रहा

कर्नाटक विधानसभा चुनाव कई मायने में बहुत अनोखा है। उसके अनोखेपन का एक पहलू यह है कि किसी भी पार्टी का नेता राष्ट्रीय मुद्दे नहीं उठा रहा है। यहां तक कि अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के नाम पर चुनाव लड़ रही भाजपा भी कोई राष्ट्रीय मुद्दा नहीं उठा रही है। हो सकता है कि कोई भी पार्टी असली मुद्दा नहीं उठा रही है इसलिए राष्ट्रीय मुद्दे भी सामने नहीं आ रहे हैं। भाजपा को चिंता है कि अगर असली मुद्दे उठाए गए तो उन पर जवाब देना होगा। दूसरी ओर कांग्रेस को लग रहा है कि अगर असली और राष्ट्रीय मुद्दे उठाए गए तो भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को तस्वीर में लाना होगा, जो ठीक नहीं होगा। इसलिए राष्ट्रीय मुद्दों पर सब चुप हैं।सवाल है कि राष्ट्रीय मुद्दा क्या है, जिसे कांग्रेस को उठाना चाहिए? सबसे बड़ा राष्ट्रीय मुद्दा मणिपुर का है, जहां आदिवासी और मैती समुदाय के बीच संघर्ष में 50 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, एक सौ से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 14 हजार के करीब लोग घर छोड़ कर भागे हैं। देश के अंदर की बड़े हिस्से में सेना तैनात है और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को नियुक्त किया गया है। पड़ोसी राज्य मेघालय में भी हिंसा हुई है और दिल्ली तक में दोनों समुदाय के छात्रों के बीच टकराव हुआ है। बहुत दिलचस्प है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में इसका मुद्दा बना रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब को संभाल लिया लेकिन भाजपा से मणिपुर नहीं संभल रहा है।

एक असली और राष्ट्रीय मुद्दा दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रहे देश के नामी पहलवानों का है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा पहलवानों को समर्थन देने जंतर मंतर गई थीं। यह राष्ट्रीय शर्म का मुद्दा बना हुआ है कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है और कार्रवाई के लिए 15 दिन से ज्यादा से धरने पर बैठी हैं। पर कांग्रेस इसे मुद्दा नहीं बना रही है। कर्नाटक के चुनाव में इसका जिक्र नहीं किया जा रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी में लडक़ी हूं लड़ सकती हूं का नारा दिया था लेकिन कर्नाटक में यह नारा नहीं दिया जा रहा है।

तीसरा बड़ा राष्ट्रीय मुद्दा जम्मू कश्मीर में सुरक्षा का है। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के पांच जवान एक साथ शहीद हुए हैं। आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट करके सेना के दस्ते पर हमला किया।

# रावलपिंडी में हुई सीक्रेट मीटिंग के बाद सेना ने बिछाया इमरान की गिरफ्तारी का जाल

**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान मंगलवार को इस्लामाबाद में गिरफ्तार होंगे, इसकी पूरी भूमिका सोमवार शाम को ही रावलपिंडी में तय कर दी गई थी। जानकारी के मुताबिक आईएसआई, डीजीसीआई और आईएसपीआर के अधिकारियों ने इस बाबत पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर को भी मंगलवार को होने वाले सबसे बड़े पॉलिटिकल डेवलपमेंट के बारे में बता दिया गया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से लेकर देश के कई बड़े नेताओं को भी आज के घटनाक्रम की जानकारी थी। अमर उजाला डॉट को पाकिस्तान के राजनीतिक घटनाक्रम और सेना पर नज़र रखने वाले सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आईएसपीआर ने बकायदा इमरान खान को सेना के बारे में की जाने वाली तल्ख टिप्पणी और उनके अधिकारियों के खिलाफ दिए जाने वाले बयान को लेकर निजी तौर से लेकर लिखा–पढ़ी में आगाह भी किया था। फिलहाल पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर से पाकिस्तान के सियासी हालात बिगड़ चुके हैं।



सूत्रों के मुताबिक सोमवार की देर शाम को पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय स्थित रावलपिंडी में प्रमुख एजेंसियों के जुड़े अधिकारियों की करीब डेढ़ घंटे तक बड़ी बैठक चली। इस बैठक में पाकिस्तान की सेना के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन, डायरेक्टर जनरल काउंटर इंटेलिजेंस और आईएसआई के तीन बड़े अधिकारी बैठे। सूत्रों का कहना है कि तीनों अधिकारियों की बैठक के बाद तय हुआ कि मंगलवार को इस्लामाबाद में होने वाली इमरान खान की पेशी के दौरान उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। बैठक के दौरान ही पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय से पाकिस्तान के वजीरे आजम और सेना प्रमुख को मंगलवार को होने वाली इमरान खान की गिरफ्तारी के बारे में इत्तला कर दिया गया। उसके बाद से समूचे पाकिस्तान में न सिर्फ सियासी हलचल तेज हो गई, बल्कि सेना और पुलिस की कदमताल भी लाहौर और इस्लामाबाद में बढ़ा दी गई।

सूत्रों के मुताबिक तकरीबन डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक के बाद आईएसपीआर की ओर से इमरान खान की ओर से सेना के अधिकारियों के लिए जारी किए जाने वाले बयान को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज की गई। इस आपत्ति में सेना ने इमरान खान को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह सेना के किसी भी अधिकारी के खिलाफ बगैर सबूत के कोई भी बयानबाजी नहीं कर सकते हैं। सेना की ओर से इमरान खान को जारी किए गए चेतावनी भरे बयान में कहा गया कि अगर उनके पास सेना के किसी अधिकारी के खिलाफ कोई सबूत है, तो वह कानूनी तौर पर पेश करें। सेना ने यह भी कहा कि इमरान खान सेना और खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों के ऊपर बीते एक साल से लगातार आरोप लगाते आ रहे हैं। आईएसपीआर की ओर से जारी बयान में इस बात का जिक्र किया गया कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सेना और आईएसआई के ऊपर लगातार हमलावर हो रहे हैं।पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक नासिर मोहम्मद कहते हैं कि इस बयान के जारी होने के बाद ही पाकिस्तान में कयासों का दौर शुरू हो गया था कि मंगलवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी हो सकती है। हालांकि पाकिस्तानी सेना के बयान के तकरीबन आधे घंटे के दौरान ही लाहौर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आवास जमन पार्क में सेना और पुलिस की हरकत बढ़ने लगी। गुलाम कहते हैं कि देखते–देखते पाकिस्तान के सभी बड़े शहरों जिसमें लाहौर, कराची, रावलपिंडी, इस्लामाबाद, पेशावर समेत कई शहरों में सेना और पुलिस मुस्तैद होने लगी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भी अपनी गिरफ्तारी होने की भनक भी देर रात को लग गई। यही वजह रही कि जब इमरान खान मंगलवार को इस्लामाबाद में पेशी के लिए जा रहे थे, तो उन्होंने पाकिस्तान की सेना के अधिकारियों को जमकर निशाने पर लिया और अपनी गिरफ्तारी की बात भी कही।

दरअसल पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लगातार आईएस–।आई और सेना के बड़े अधिकारी फैसल नसीर के ऊपर न सिर्फ अपनी हत्या कराने का आरोप लगाते रहे हैं, बल्कि पाकिस्तान के एक पत्रकार की हत्या कराने का आरोप भी उनके ऊपर लगाया है। पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार अयूब बताते हैं कि जब से इमरान खान के ऊपर उनके कार्यक्रम के दौरान जानलेवा हमला हुआ है, तब से इमरान खान फैसल नसीर के ऊपर लगातार अपनी हत्या का आरोप लगाते आ रहे हैं। पाकिस्तान की सेना को भी लगातार निशाने पर लेते रहे हैं। वह बताते हैं कि शुक्रवार को भी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बैठक के दौरान एक बार फिर से फैसल पर दो बार हत्या करवाने में असफल रहने का इल्जाम लगाया।

## पीएम मोदी ने खरगोन हादसे पर जताया दुख, किया मुआवजे का ऐलान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के खरगोन में हुए सड़क हादसे पर दुख जाहिर करते हुए जान गंवाने वाले लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए मुआवजे की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी ट्वीट में मध्य प्रदेश के खरगोन में हुए सड़क हादसे पर दुख जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, खरगोन में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक–संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन मौके पर हरसंभव मदद में जुटा है।प्रधानमंत्री की तरफ से मुआवजे की घोषणा करते हुए दूसरे ट्वीट में कहा गया , मध्य प्रदेश के खरगोन में हुई बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

प्रत्येक घायल को पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। बता दें कि खरगोन में मंगलवार को एक बस अनियंत्रित होकर नदी के पुल से नीचे गिर गई। इस हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई है। वहीं बड़ी संख्या में यात्री घायल हुए हैं। मरने वालों में छह पुरुष, छह महिलाएं और तीन बच्चे हैं। घायलों की संख्या 20 से ज्यादा है।

### तीन दिन की यात्रा पर इजरायल के विदेश मंत्री भारत पहुंचे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन मंगलवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे, जो देश की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से कोहेन मुलाकात करेंगे और रणनीतिक मामलों और व्यापार के क्षेत्रों सहित भारत और इजराइल के बीच संबंधों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता 'दक्षा' की मौत, नर चीते ने किया था हमला

**श्योपुर , एजेंसी।** कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए एक और चीता की मौत हो गई है। अब तक तीन चीतों की मौत हो चुकी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीसरे चीते की मौत कूनो नेशनल पार्क के बड़े बाड़े में आपसी लड़ाई में हुई है। इससे पहले दो चीते मारे गए थे, उनमें से एक की मौत किडनी के इंफेक्शन की वजह से हुई थी और दूसरे चीते की मौत कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुई थी।

वन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक नौ मई को सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर दक्षिण अफ्रीका से कूनो नेशनल पार्क में छोड़ी गई मादा चीता दक्षा को मॉनिटरिंग दल ने घायल पाया था। पशु चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। दोपहर 12:00



बजे दक्षा चीता की दुखद मृत्यु हो गई। दक्षा बाडा क्रमांक एक में छोड़ी गई थी तथा समीप के बोमा क्रमांक सात में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीता वायु तथा अग्नि को छोड़ा गया था।

30 अप्रैल को कूनो में एक बैठक हुई थी। इसमें नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अर्थॉरिटी के आईजी डॉ. अमित मल्लिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान के डॉ. कमर कुरैशी, दक्षिण अफ्रीका से आए प्रो. एड्रियन टोर्डिफ तथा दक्षिण अफ्रीका से आये चीता मेटा पापुलेशन इनिशियटिव के विन्सेंट वेन डार उपस्थित रहे थे। इस बैठक में ही तय हुआ था कि बाड़ा क्रमांक सात में मौजूद दक्षिण अफ्रीका से आए चीता कोयलिशन अग्नि तथा वायु को मादा चीता दक्षा के साथ रखा जाए। इसके बाद बाड़ा क्रमांक सात और एक के बीच का गेट एक मई को खोला गया था। छह मई को एक नर चीता दीक्षा चीता के बाड़े में दाखिल हुआ था।

विशेषज्ञों का कहना है कि मादा चीता दक्षा पर जो घाव पाए गए हैं, वह पहली नजर में चीते का हमला प्रतीत हो रहे हैं। दरअसल, मेटिंग के दौरान चीतों के बीच हिंसक व्यवहार सामान्य है। ऐसी स्थिति में निगरानी टीम की ओर से हस्तक्षेप की संभावना लगभग न के बराबर होती है। नियमानुसार मादा चीता का पोस्टमॉर्टम विशेषज्ञों की टीम कर रही है।

### कोयला की जबरन वसूली मामले में ईडी का बड़ा एक्शन, 51.40 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली , एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने छत्तीसगढ़ में हुए अवैध कोयला उगाही घोटाले में 51.40 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी के अनुसार, 90 अचल संपत्तियां, लग्जरी वाहन, आभूषण और नकदी आईएएस रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी, विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव प्रसाद राय, आरपी सिंह, विनोद तिवारी और राम गोपाल अग्रवाल की है।

## गाजा में इजरायली हवाई हमले में 13 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा , एजेंसी।** गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमले में इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह के तीन कमांडरों सहित 13 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। गाजा में फिलिस्तीनी सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि हवाई हमले मुख्य रूप से दक्षिणी गाजा पट्टी और गाजा शहर में राफह और खान यूनिस के कस्बों में इमारतों, सैन्य सुविधाओं और चौकियों पर हुए।

इजरायली सेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सेना ने गाजा पट्टी में इस्लामिक जिहाद के खिलाफ सैन्य अभियान शील्ड एंड एरो शुरू किया, जो जारी है। घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए इस्लामिक जिहाद की सैन्य शाखा, अल–कुद्स ब्रिगेड ने कहा कि उसके तीन कमांडर परिवार के साथ मारे गए।

इसने उनकी पहचान अल–कुद्स ब्रिगेड की सैन्य परिषद के सचिव जिहाद शकर अल–घन्नम, इसके उत्तरी क्षेत्र के कमांडर खलील सलाह अल–बहतिनी और तारिक मुहम्मद एजेदीन के रूप में की। अल–कुद्स ब्रिगेड ने कहा, जैसा कि हम अपने शहीदों, उनकी पत्नियों और उनके बच्चों के साथ शोक मनाते हैं, हम पुष्टि करते हैं कि शहीदों का खून हमारे संकल्प को बढ़ाएगा। इजराइल रक्षा बल के प्रवक्ता डैनियल हागरी ने कहा कि ऑपरेशन में मारे गए तीन इस्लामिक जिहाद नेता सुरक्षा स्थिरता के लिए एक कमजोर कारक थे। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि स्थिति के आकलन के अनुसार, सेना ने गाजा पट्टी के करीब रहने वाले इजरायली निवासियों को गाजा से रॉकेट दागे जाने के डर से 40 किमी की दूरी पर बम आश्रयों के पास रहने का आदेश दिया था।

### सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दीपक डबराल मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा मेरे परिवार से अलग निवास करता है। मैं अपने पुत्र दीपक डबराल से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। मेरा पुत्र दीपक डबराल के द्वारा किसी भी प्रकार के लेन-देन, कृत्य या बैंक की ऋण की अदायगी के लिए मैं तथा मेरा परिवार किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं रहेगा।

पवित्री डबराल पत्नी स्व. हरीश चन्द्र **डबराल निवासी मवाकोट, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## सुप्रीमकोर्ट ने कर्नाटक में 4 प्रतिशत मुस्लिम कोटा पर अमित शाह के बयान पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के संबंध में दिए गए बयान के बारे में अदालत को सूचित किए जाने के बाद सार्वजनिक बयान नहीं दिया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए एक बयान का हवाला दिया।पीठ ने कहा कि अदालत इस तरह के राजनीतिकरण की अनुमति नहीं दे सकती, जब हम मामले की सुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जब मामला विचाराधीन है और शीर्ष अदालत के समक्ष है तो इस तरह के बयान नहीं दिए जाने चाहिए।कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रस्तुत किया कि कोई भी धर्म–आधारित आरक्षण असंवैधानिक है। कथित तौर पर गृह मंत्री ने मुस्लिम आरक्षण को संविधान के खिलाफ बताया है। मेहता ने इस तरह के एक बयान के बारे में कोई जानकारी होने से इनकार किया।दवे ने तर्क दिया कि वह अदालत के समक्ष मंत्री के बयान को रिकॉर्ड पर ला सकते हैं।

### सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सचिन व पुत्रवधु पूजा मेरे व मेरी पत्नी ममता के कहने सुनने में नहीं है तथा उक्त दोनों को हमारे प्रति क्रूर व असहनीय आचरण है। जिस कारण मैं व मेरी पत्नी ममता अपने पुत्र सचिन व पुत्रवधु पूजा से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। मेरे सचिन व पुत्रवधु पूजा से अब कोई भी व्यक्ति लेन-देन आदि करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उस व्यक्ति की स्वयं की होगी।

**लोकचन्द पुत्र शिवचरण निवासी खूनीबड़, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1010/21)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद हरिद्वार

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक 186 / अवस्थापना विकास निधि / 2023-24 दिनांक :- 08/05/23

अवस्थापना विकास निधि (एस0सी0एस0पी0 घटक) कार्य अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद लक्सर निम्न निर्माण कार्यो हेतु निकाय दिनांक 23-05-23 की दोपहर 2.00 बजे तक निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित करती है। जो उसी दिन समय 3.00 बजे गठित निविदा कमेटी, नगर पालिका परिषद, लक्सर द्वारा, ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22-05-23 को समय 12.00 बजें तक निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 | कार्य का नाम | लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 02 में देवेन्द्र के मकान से सीमली मेंन रोड की ओर सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 3,25,000 | 10000 | 500/-एवं GST | 45 दिन |
| 2 | कस्बा लक्सर के वार्ड 02, में रविदास मन्दिर से विक्रम के मकान की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 6,75,000 | 21000 | 1000/-एवं GST | 45 दिन |
| 3 | कस्बा लक्सर के वार्ड 02, में योगेन्द्र के मकान से सुलेन्द्र नामदेव के मकान की ओर सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 3,54,000 | 11000 | 500/-एवं GST | 45 दिन |
| 4 | वार्ड 02, मेन रोड से मदन के मकान की ओर सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6,10,000 | 19000 | 1000/-एवं GST | 45 दिन |

शेष शर्ते कार्यालय से कार्यालय समय में जानी जा सकती है। किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार कमेटी/अध्यक्ष महोदय को होगा।

**(चन्द्रशेखर शर्मा)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

**(अम्बरीश गर्ग)**
**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

(1013/67)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-पौड़ी

फोन/फैक्स :- 01368-222282 :: e-mail -eerespauri@gmail.com

पत्रांक :- 227 / ग्रा0नि0वि0/निविदा-सूचना-02 /2023-24 :: दिनांक 08-05-2023

### ''ई-निविदा आमन्त्रण सूचना''

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से विभाग में भवन निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की एकल-ई-निविदा प्रणाली द्वारा ऑन-लाईन दिनांक 24-05-2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाऐं/शर्ते, http:// www.uktenders.gov.in पर दिनांक 12-05-2023 से उपलब्ध रहेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जनपद/ विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विकासखण्ड पाबौ में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओड़लीनादा के विद्यालय भवन का नवनिर्माण कार्य। | पौड़ी/ पाबौ | 32.50 | 75,000.00 | नि0मू0-2500 GST-450 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 12 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45 दिन |
| 2 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विकासखण्ड पाबौ में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय छानी के विद्यालय भवन का नवनिर्माण कार्य। | पौड़ी/ पाबौ | 32.50 | 75,000.00 | नि0मू0-2500 GST-450 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 12 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45 दिन |
| 3 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विकासखण्ड थलीसैंण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थलीसैंण में चिकित्सालय की छत पर टीन शेड (ट्रस) बाउण्ड्रीवॉल तथा चिकित्सालय परिसर में प्रवेश द्वारा का निर्माण। | पौड़ी/ थलीसैंण | 47.00 | 94,000.00 | नि0मू0-3000 GST-540 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 12 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45 दिन |
| 4 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के जिला चिकित्सालय पौड़ी में पब्लिक हैल्थ लेब्रोरट्री का निर्माण कार्य। | पौड़ी/ पौड़ी | 43.00 | 86,000.00 | नि0मू0-3000 GST-540 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 12 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45 दिन |

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड पौड़ी।

(1011/59)

# एशियाई चैंपियनशिप ग्रुप बी में अजीत ने हासिल किया पहला स्थान



जिंजु ,। भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और अचिंता श्युली एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 73 किग्रा स्पर्धा के ग्रुप बी में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे।

अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे अजीत ने कुल 307 किग्रा (139 किग्रा + 168 किग्रा) भार उठाया, जबकि अचिंता ने 305 किग्रा (140 किग्रा + 165 किग्रा) भार उठाया।

दोनों भारोत्तोलकों को उनके प्रवेश भार के आधार पर ग्रुप बी सौंपा गया था। उच्चतम प्रवेश भार दर्ज करने वाले भारोत्तोलकों को समूह–ए में रखा जाता है। इसी तरह अन्य भारोत्तोलकों को क्रमशः ग्रुप–बी, ग्रुप–सी आदि में रखा जाता है।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अजीत ने अपने शुरूआती दो स्नैच प्रयासों में 135 किग्रा और 139 किग्रा भार उठाया, लेकिन 141 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में वह असफल रहे।

इसी तरह उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 164 किग्रा और 168 किग्रा आसानी से उठा लिया, लेकिन 171 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में वह लड़खड़ा गये।

इसी बीच, 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्युली ने अपने दूसरे स्नैच प्रयास में 140 किग्रा भार उठाया, जबकि इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 143 किग्रा है।

वह क्लीन एंड जर्क में भी 165 किग्रा भार उठाने के बाद 169 और 171 किग्रा के प्रयास में विफल रहे थे। उन्होंने पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के लिये क्लीन एंड जर्क में 170 किग्रा भार उठाया था।

भारत ने इस तरह तीन रजत पदकों के साथ विश्व चैंपियनशिप में अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें से दो बिंद्यारानी देवी ने और एक यूथ ओलंपिक चैंपियन जेरेमी लालरिनुंगा ने जीता।

# एशियन क्रिकेट काउंसिल से पाकिस्तान को बड़ा झटका, छिनेगी एशिया कप की मेजबानी

नई दिल्ली ,। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एशिया कप का आयोजन किसी अन्य देश में कराने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल पर कराए जाने के प्रस्ताव को एसीसी सदस्य देशों ने खारिज कर दिया है। 2 से 17 सितंबर के बीच खेले जाने वाले एशिया कप का आयोजन अब श्रीलंका में हो सकता है। श्रीलंका को मेजबानी के लिए सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक एशियन क्रिकेट काउंसिल की तरफ से एशिया कप 2023 का आयोजन पाकिस्तान से बाहर कराए जाने की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एसीसी के सामने हाईब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव के तहत भारत के मैच यूएई में और बाकी मैच कराची या लाहौर में कराने की बात थी। एसीसी के सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी समर्थन के लिए दुबई पहुंचे।

जहां किसी सदस्य देश ने उनके प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। श्रीलंका पहले से ही बीसीसीआई के साथ है, वहीं अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी सेठी के प्रस्ताव का विरोध किया है।

बता दें कि बीसीसीआई के सचिव और एशिया क्रिकेट काउंसिल अध्यक्ष जय शाह ने हाल में बयान दिया था कि एशिया कप 2023 में भारतीय टीम के मैच पाकिस्तान की जगह अन्य देश में कराने के पीसीबी के प्रस्ताव पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। वह अन्य देशों से उनका फीडबैक ले रहे हैं। उसी फीडबैक के आधार पर अगला निर्णय लिया जाएगा।एशिया कप का आयोजन सितंबर में किया जाना है। इस दौरान संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक उमस होती है। इसके चलते खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा बना रहता है। इसी वजह से श्रीलंका इस टूर्नामेंट की मेजबानी की दौड़ में सबसे आगे है। बता दें कि इस बार एशिया कप में भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल को भाग लेना है।

# सचिन की विश्व चैंपियनशिप में विजयी शुरुआत, नवीन, गोविंद हारे




ताशकंद ,। भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच (54 किग्रा) ने मोल्दोवा के सर्गेई नोवाक को हराकर अपने पहले विश्व चैंपियनशिप अभियान की विजयी शुरुआत की, हालांकि उनके हमवतन नवीन (92 किग्रा) और गोविंद साहनी (48 किग्रा) अंतिम–16 के मुकाबले हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये।

पूर्व विश्व यूथ चैंपियन सचिन ने अपने तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए नोवाक को 5–0 से हराकर प्री–क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी, जहां उनकी भिड़ंत शीर्ष वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान के मखमुद सबिरखान से होगी।

सचिन ने शुरुआत से ही अपनी स्थिति मजबूत रखी और नोवाक पर लगातार हमला किया।

उन्होंने पहले राउंड में अपनी लंबी कद–काठी का लाभ उठाते हुए विपक्षी मुक्केबाज को जवाबी हमले करने का मौका नहीं दिया। दूसरे राउंड में सचिन ने लगातार मुक्के बरसाए, जिसमें एक बाएं मुक्के के बाद जमाया गया दर्शनीय दाहिने हाथ का प्रहार शामिल था। उनका बचाव भी उनके हमलों जितना ही मजबूत था जिससे उन्होंने नोवाक के प्रयासों को बेअसर किया।

पहले दो राउंड अपने पक्ष में जाने के बावजूद सचिन ने अंतिम तीन मिनट में भी अपने मुक्कों को कम नहीं किया और 5–0 से हराया।

इसी बीच, भारतीय मुक्केबाज नवीन को स्पेन के इमैनुअल रेयेस के हाथों 0–5 की हार का सामना करना पड़ा। उनके हमवतन गोविंद साहनी (48 किग्रा) को जॉर्जिया के अलखवेर्दोवी सखील ने 5–0 से मात दी।

दीपक (51 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा) और आकाश सांगवान (67 किग्रा) मंगलवार को अपने–अपने प्री–क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे। दीपक (51 किग्रा) का सामना चीन के जियामाओ झांग से होगा जबकि निशांत फिलिस्तीन के निदाल फोकाहा से भिड़ेंगे। आकाश को कजाकिस्तान के दुलत बेकबाउव के खिलाफ अपनी चुनौती पेश करनी है।

# रसल की आतिशबाजी से जगमगाया ईडन, केकेआर पांच विकेट से जीती

कोलकाता । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान नीतीश राणा (51) के शानदार अर्द्धशतक के बाद आंद्रे रसल की 42 रन की आतिशी पारी की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच से भरे मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से मात दी। पंजाब ने शिखर धवन (57) के अर्द्धशतक की मदद से केकेआर के सामने 180 रन का लक्ष्य रखा। केकेआर ने करो या मरो मुकाबले में यह लक्ष्य आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया।

धवन ने 47 गेंद पर नौ चौकों और एक छक्के के साथ 57 रन बनाकर पंजाब को अच्छी शुरुआत दी, जबकि शाहरुख खान और हरप्रीत बराड़ ने आखिरी 16 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी करके पंजाब की पारी को विस्फोटक अंत दिया।

केकेआर के कप्तान नीतीश ने 38 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 51 रन बनाये, हालांकि उनका विकेट गिरने के बाद भी केकेआर लक्ष्य से काफी दूर थी। केकेआर को जब चार ओवर में 51 रन चाहिये थे तब रसल ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर ईडन गार्डन का पारा बढ़ा दिया। दोनों ने अगले तीन ओवरों में 45 रन जोड़े, लेकिन केकेआर को जब दो गेंद पर दो रन की जरूरत थी तब रसल रनआउट हो गये। आखिरी गेंद पर दो रन बनाने की जिम्मेदारी रिंकू की थी और उन्होंने चौका जड़कर केकेआर को रोमांचक जीत दिला दी।

केकेआर इस जीत के बाद अंक तालिका में छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर आ गयी है, जबकि पंजाब एक पायदान फिसलकर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। केकेआर और पंजाब सहित कुल पांच टीमें तालिका में 10 अंकों के साथ हैं और प्लेऑफ की जंग रोमांचक होती जा रही है।

पंजाब ने लक्ष्य की रक्षा करते हुए शुरुआती दो ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, लेकिन तीसरे ओवर में जेसन रॉय ने दो चौकों के साथ हाथ खोल लिये। दूसरे छोर से रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने भी अर्शदीप सिंह को एक चौका और एक छक्का लगाकर चौथे ओवर में 19 रन बटोरे। केकेआर ने इस आक्रामक अंदाज की मदद से गुरबाज़ का विकेट गिरने के बावजूद पावरप्ले में 52 रन जोड़ लिये।

पावरप्ले के बाद हालांकि रॉय (24 गेंद, आठ चौके, 38 रन) भी पवेलियन लौट गये और नीतीश राणा के प्रयासों के बावजूद केकेआर आवश्यक रनगति बरकरार नहीं रख सकी। वेंकटेश अय्यर (13 गेंद, 11 रन) कुछ देर संघर्ष करने के बाद राहुल चाहर की गेंद पर आउट हुए। बढ़ते रनरेट के कारण नीतीश भी बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में चाहर का शिकार हो गये। चाहर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए अपना चार ओवर का स्पेल मात्र 23 रन देकर समाप्त किया।




केकेआर को आखिरी चार ओवर में 51 रन की जरूरत थी, हालांकि पंजाब के सभी स्पिनर अपने ओवर फेंक चुके थे और रिंकू–रसल की विस्फोटक जोड़ी क्रीज पर मौजूद थी। रसल ने 17वें ओवर में एलिस को एक चौका और एक छक्का जड़ा, जबकि अगले ओवर में अर्शदीप सिंह ने मात्र 10 रन दिये। रसल ने 19वें ओवर में तीन छक्के जमाकर एक बार फिर मैच को केकेआर की ओर झुकाया।

आखिरी ओवर में छह रन की बचाने की जिम्मेदारी अर्शदीप सिंह को दी गयी। उन्होंने शुरुआती चार गेंद पर सिर्फ चार रन दिये, जबकि पांचवीं गेंद पर रसल (23 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के, 42 रन) रनआउट हो गये। अर्शदीप की शानदार गेंदबाजी ने भले ही इस मैच को रोमांचक बनाया लेकिन रिंकू (10 गेंद, दो चौके, एक छक्का, 21 रन) ने आखिरी गेंद पर चौका जड़कर केकेआर को जीत दिला दी।इससे पूर्व, पंजाब ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और पहले ओवर में तीन चौके जड़ने वाले प्रभसिमरन आठ गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हो गये। लंबे समय बाद टीम में वापसी कर रहे भानुका राजपक्षे भी शून्य रन ही बना सके। पंजाब ने पावरप्ले में 58 रन बनाये, हालांकि लायम लिविंगस्टन (नौ गेंद, 15 रन) के रूप में तीसरा विकेट भी गंवा दिया। लगातार गिरते विकेटों के बीच पंजाब को एक साझेदारी की जरूरत थी, जो उसे शिखर और जितेश शर्मा ने दी। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 53 रन की साझेदारी की, जिसमें जितेश ने 18 गेंद पर 21 रन का योगदान दिया। इससे पहले कि पंजाब की पारी रफ्तार पकड़ती, केकेआर ने स्पिनरों की मदद से मैच में वापसी की। वरुण चक्रवर्ती ने जितेश को पवेलियन लौटा दिया, जबकि नीतीश राणा ने धवन का विकेट चटकाकर कप्तानों की लड़ाई जीती। ऋषि धवन ने 11 गेंद पर एक चौका और एक छक्का लगाकर 19 रन बनाये लेकिन वह भी चक्रवर्ती का शिकार हो गये। सुयश शर्मा की गेंद पर सैम करेन (नौ गेंद, चार रन) का विकेट गिरने के बाद पंजाब का स्कोर 17.2 ओवर में 139/7 हो गया। केकेआर पंजाब को 160 के स्कोर तक रोक सकती थी, लेकिन शाहरुख और हरप्रीत ने ऐसा नहीं होने दिया। शाहरुख ने 18वें ओवर में पिच पर उतरने के बाद आठ गेंद पर तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 21 रन बनाये, जबकि हरप्रीत ने नौ गेंद पर दो चौकों और एक छक्के के साथ 17 रन की पारी खेली। केकेआर की ओर से चक्रवर्ती ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि हर्षित राणा ने तीन ओवर में 33 रन देकर दो विकेट चटकाये।

## फिल्मी सफर

# सिमरन कौर का करंट मारे परफेक्ट पार्टी गाना है



अगर तुम ना होते की अभिनेत्री सिमरन कौर, जिनका म्यूजिक वीडियो करंट मारे आखिरकार रिलीज हो गया है, उन्होंने कहा है कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत मायने रखता है। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि ट्रैक करंट मारे एक परफेक्ट पार्टी गाना है। गाने में अपने ग्लैमरस लुक के बारे में बात करते हुए सिमरन ने कहा, गाने में मेरा बहुत अलग और ग्लैमरस लुक है, कुछ ऐसा जो मैंने पहले नहीं किया है।

यह एक डांस गाना है, संगीत बहुत ही आकर्षक और उत्साहित करने वाला है। मुझे इस वीडियो की शूटिंग में बहुत मजा आया।उन्होंने कहा: यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले नहीं किया है। यह अलग है क्योंकि जब भी आप कोई टीवी सीरियल करते हैं, तो यह अधिक पारंपरिक होता है, लेकिन यह एक बहुत ही नया अवतार है, और ग्लैमरस है।

यह लुक के बारे में अधिक है जो अलग है। साथ ही, मुझे डांस करना बहुत पसंद है। इसलिए बहुत सारे लोग गाने में मेरे डांस मूव्स और मेरे एक्सप्रेशंस की सराहना कर रहे हैं।संगीत वीडियो के लिए अपने शूटिंग के अनुभव को साझा करते हुए, उन्होंने कहा: शूटिंग के दिन से दो से तीन दिन पहले प्रॉपर रिहर्सल की गई।

हमने एक ही दिन में सब कुछ शूट किया। रिहर्सल केवल मेरे साथ शुरू हुई, लेकिन अंत में पूरे समूह को शामिल किया गया। रिहर्सल के लिए बैकग्राउंड डांसर्स को बुलाया गया था।हमने एक साथ डांस किया ताकि हम सब तालमेल बिठा सकें और यह सुनिश्चित कर सकें कि शूटिंग के दिन सब कुछ सुचारू रूप से चले और सभी को पता हो कि क्या करना है।

नतीजतन, सभी ने बहुत प्रयास किया था। सभी परिधानों को काफी पहले से डिजाइन किया गया था। मेरा अनुभव शानदार था। यह मेरे द्वारा शूट किए गए सर्वश्रेष्ठ संगीत वीडियो में से एक है। बॉलीवुड के पेशेवरों के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा, जिनमें फिरोज खान सर, जिन्होंने गीत का निर्देशन किया था, और मनोज लोबो सर, जो फोटोग्राफी के निदेशक थे, शामिल थे। ऐसे पेशेवरों के साथ काम करने से मुझे फायदा हुआ।उन्होंने कहा– यह एक कदम आगे बढ़ने जैसा है। और जब वह आपके काम को पसंद करते हैं और आपकी सराहना करते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और आप खुद को अगले स्तर पर ले जाते हैं। हर कोई अपने काम को लेकर बहुत उत्साहित था।

शूटिंग के दौरान छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखा जाता था।अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए, सिमरन ने कहा, पाइपलाइन में एक और संगीत वीडियो है, जिसे दुबई में शूट किया गया है और इसे जल्द ही रिलीज किया जाएगा।

## हंसिका ने फीमेल सेंट्रिक फिल्म मैन की चेन्नई में शूटिंग पूरी की

एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने निर्देशक ईगोर की तमिल फिल्म मैन की शूटिंग का आखिरी शिड्यूल चेन्नई में पूरा किया। यह एक थ्रिलर फिल्म है जो महिलाओं के प्रति हिंसा और उनकी मुश्किलों के बारे में है। फिल्म में हंसिका ने फैशन डिजाइनर की भूमिका निभाई है – एक मजबूत, स्वावलंबी और सशक्त महिला।

फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर मोटवानी ने कहा, अब जब मैन की शूटिंग खत्म हो गई है, मैं कहूंगी कि यह यात्रा आसान नहीं थी। इस फिल्म में मेरे कैरेक्टर के कई लेयर हैं और इतनी मजबूत महिला का किरदार निभाना काफी अनुभव मिला। मैं निर्मला के रूप में दर्शकों के सामने आने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। वाकई यह फिल्म मेरे लिए काफी खास है।

इस फिल्म की पूरी शूटिंग चेन्नई, पोलाची और मदुरई में हुई है। आरी अर्जुन भी हैं जो खलनायक की भूमिका में हैं।

# फिल्म बंदा का ट्रेलर रिलीज, मनोज बाजपेयी ने वकील बन लड़ी सच और इंसाफ की लड़ाई

मनोज बाजपेयी उन कलाकारों में शुमार हैं, जो अपना हर किरदार इतनी शिद्दत से निभाते हैं कि पर्दे पर उनका अभिनय, अभिनय की तरह लगता ही नहीं है। लगता है मानों वह असल में उसी किरदार में जीते हों। पिछले कुछ दिनों से मनोज अपनी कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म बंदा को लेकर सुर्खियों में हैं। इसका ऐलान होने के बाद से ही दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।

बंदा की कहानी सच्चाई की यात्रा को लेकर लड़ने वाले शख्स के इर्द–गिर्द घूमती है। ट्रेलर के मुताबिक, मनोज फिल्म में राजस्थान में सेशंस कोर्ट के साधारण से वकील पूनम चंद सोलंकी का किरदार निभा रहे हैं, जिन्होंने अपने दम पर भारत के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों और बाधाओं के खिलाफ एक असाधारण–सा केस लड़ा और सबके छक्के छुड़ाए। तमाम धमकियों के बीच वह सच सामने लाने को आतुर हैं। एक वकील के किरदार में मनोज खूब जंच रहे हैं।तमाम लोगों के लिए भगवान बन चुका आसाराम बापू 16 वर्षीय बच्ची का रेप करने के कारण जेल में है और उसे सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम सोलंकी ने किया। उन्होंने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए अपनी जान तक की परवाह नहीं की।बंदा एक आदमी की लड़ाई की शानदार कहानी है, जो यह साबित करती है कि कोई भी आदमी कानून से ऊपर नहीं हो सकता है। इस फिल्म का ऐलान पिछले महीने 23 अप्रैल को मनोज के जन्मदिन के मौके पर हुआ था। खुद मनोज ने भी फिल्म का पोस्टर साझा कर अपने प्रशंसकों को अपनी इस नई फिल्म का तोहफा दिया था। उन्होंने लिखा था, जब बात हो इंसाफ की, सिर्फ एक ही बंदा काफी है।मनोज की पिछली फिल्म गुलमोहर डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। अब बंदा भी ओटीटी का ही रुख करने वाली है। फिल्म जी5 पर स्ट्रीम होने वाली है।इस बारे में बात करते हुए मनोज ने कहा, साइलेंस और डायल 100 के लिए जी5 के साथ अपनी सफल साझेदारी के बाद अब बंदा के लिए तीसरी बार इस ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ फिल्म की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

यह ऐसी कहानी है, जो सबको आकर्षित करेगी।फिल्म के निर्देशक अपूर्व सिंह कार्की हैं। उन्होंने कहा, बंदा में सब कुछ है – एक मजबूत कहानी, मनोज बाजपेयी जैसे शांत और आत्मविश्वास से लबरेज अभिनेता और जबरदस्त सहायक कलाकार।



# विरोध में कजरी के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पा रही पृथा बख्शी



सांड की आंख और चाचा विधायक हैं हमारे 2 से अपनी पहचान बना चुकी एक्ट्रेस पृथा बख्शी ने कहा कि विरोध में कजरी का रोल चुनौती भरा था क्योंकि वह किरदार से खुद को नहीं जोड़ पा रही थीं। हालांकि, भाषा को लेकर कभी समस्या नहीं थी क्योंकि वह खुद भी हरियाणा से हैं।

पृथा ने बताया कि वह हरियाणा से ही हैं, हालांकि वह मुंबई में पली–बढ़ी हैं इसलिए, खिलाड़ी कजरी का किरदार अदा करना जिसकी जिंदगी संघर्ष से परिपूर्ण है, जिसके पिता और भाई का कत्ल हो गया है, उनके लिए कभी आसान नहीं रहा क्योंकि उन्हें कभी इस तरह के संघर्ष का सामना नहीं करना पड़ा और न ही वह छोटे शहर या गांव की संस्कृति को समझती हैं। पृथा ने कहा, मैं मुंबई में जन्मी और पली–बढ़ी हूं जो बिल्कुल शहरी पृष्ठभूमि है। साथ ही मेरा परिवार काफी सपोर्टिव और प्रोग्रेसिव है। मैंने कभी उन चुनौतियों और मुश्किलों का सामना नहीं किया है जो कजरी ने अपनी जिंदगी में देखा है। हालांकि एक एक्टर के रूप में ऐसे किरदार निभाना और उनके बारे में जानना जो मेरे लिए नए हैं और मुझसे अलग हैं, काफी एक्साइटिंग है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके किरदार की सबसे अच्छी बात यह थी कि कभी भाषा को लेकर कोई समस्या नहीं रही।उन्होंने बताया, मेरे पैरेंट हरियाणा के यमुनानगर से हैं जो मेरा पुश्तैनी शहर है। मैं बचपन में अपने दादा–दादी से मिलने वहां गई थी। इससे मुझे उस इलाके की संस्कृति और भाषा के बारे में थोड़ी समझ है। मैं सही बोली और टोन में हरियाणवी बोल सकती हूं क्योंकि मैं हरियाणा के आसपास काफी रही हूं। इस लिहाज से मैं वहां की महिलाओं की स्थिति से भी वाकिफ हूं, हालांकि अब भी काफी कुछ करना बाकी है। एक एक्टर के रूप में उस क्षेत्र के किरदार को मैं आसानी से निभा सकती हूं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com